# सामूहिक विवाह : 779 जोड़ों ने लिए सात फेरे, 57 का पढ़ा निकाह

## विधायक समेत अफसरों ने जोड़ों को आशीर्वाद के साथ उपहार देकर किया विदा

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत जनपद में सामूहिक विवाह समारोहों की श्रृंखला में गुरुवार को बीसलपुर विधानसभा क्षेत्र का सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया। भव्य पंडाल में 779 हिंदू जोड़ों ने अग्निदेव को साक्षी मानकर सात फेरे लिये। वहीं दूसरे पंडाल में काजी ने मुस्लिम रीति रिवाज से 57 जोड़ों का निकाह संपन्न कराया। बीसलपुर विधायक विवेक वर्मा समेत डीएम ज्ञानेंद्र सिंह एवं अन्य जनप्रतिनिधियों व अफसरों ने नव दांपत्य में बंधे जोड़ों को सुखी जीवन का आर्शीवाद दिया और उपहार दिया।

जनपद में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत शहर स्थित मंडी समिति परिसर में विधानसभावार सामूहिक विवाह समारोहों का आयोजन किया जा रहा है। अब तक विधानसभा पूरनपुर, सदर एवं विधानसभा बरखेड़ा के विवाह समारोह आयोजित किए जा चुके हैं। जिसमें 2000 से अधिक जोड़ों का सामूहिक विवाह संपन्न कराया जा चुका है। इधर गुरुवार को मंडी समिति परिसर में विधानसभा बीसलपुर क्षेत्र का सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया। गुरुवार सुबह करीब आठ बजे से ही वर-वधु पक्ष के लोगों का मंडी परिसर में पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया। विवाह समारोह में कोई व्यवधान न हो, इसको लेकर पंडाल को सेक्टरों में बांटकर व्यवस्था की गई। सीडीओ राजेंद्र कुमार श्रीवास, जिला समाज कल्याण अधिकारी चंद्रमोहन विश्नोई समेत अन्य अफसर सुबह से ही समारोह स्थल में भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लेते देखे गए। दोपहर करीब 1.30 बजे विधायक विवेक वर्मा, डीएम ज्ञानेंद्र सिंह अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ समारोह स्थल पर पहुंचे। विधायक, डीएम एवं सीडीओ ने दीप प्रज्ज्वलन करने के साथ भगवान गणेश को पुष्प अर्पित कर समारोह का शुभारंभ किया। इस दौरान बीसलपुर विधायक ने सभी वर-वधुओं के सुखी जीवन की कामना करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के पीछे सरकार की मंशा है कि ऐसे गरीब एवं निर्धन परिवार जो शादी विवाह समारोह में होने वाले खर्च को वहन करने में सक्षम नहीं हैं, उन परिवारों की बेटियों का भी भव्य तरीके से विवाह संपन्न हो सके।। डीएम ज्ञानेंद्र सिंह ने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना समेत अन्य योजनाओं की जानकारी देते हुए लोगों से योजनाओं का लाभ लेने का प्रेरित किया। इसके बाद विधायक ने डीएम के साथ पंडाल में पहुंचकर वर-वधुओं पर पुष्प वर्षा कर उनके सुखी जीवन की कामना की। समारोह में भाजपा जिलाध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य, सीडीओ राजेंद्र कुमार श्रीवास, डीडीओ संजय कुमार, जिला प्रोबेशन अधिकारी अनुराग श्याम रस्तोगी, एआर सहकारिता डॉ. प्रदीप कुमार, एआरटीओ वीरेंद्र सिंह आदि ने भी पंडाल में पहुंचकर वर-वधुओं को सुखी दांपत्य जीवन का आर्शीवाद दिया।



समारोह में वैवाहिक संस्कार संपन्न होने के बाद वर-वधुओं को उपहार भेंट करते विधायक विवेक वर्मा, डीएम ज्ञानेंद्र सिंह व अन्य।



मंडी समिति में हुए सामूहिक विवाह समारोह में वर-वधू व उनके परिजन। ● अमृत विचार



समारोह में आए बरातियों को अपने हाथ से खाना परोसते विधायक विवेक वर्मा।

### 15 सेक्टर, 150 विवाह वेदियां, मंत्रों से गूंजा पंडाल

गुरुवार को आयोजित हुए विवाह समारोह में पूर्व में हुए विवाह समारोहों की अपेक्षा अधिक भीड़ देखी गई। वर-वधुओं की संख्या अधिक होने के चलते 12 के बजाए 15 सेक्टर बनाए गए। वहीं वर-वधुओं के बायोमैट्रिक सत्यापन के लिए भी 10 काउंटरों की व्यवस्था की गई थी। विवाह संस्कार शुरू कराने में देरी न हो, इसको लेकर सुबह साढ़े आठ बजे से वर-वधुओं का बायोमेट्रिक सत्यापन शुरू कर दिया गया। बायोमेट्रिक सत्यापन की प्रक्रिया पूरी करने वाले वर-वधुओं को जयमाला और पगड़ी भी काउंटर से ही दे दी गई। इसके बाद इन सभी वर-वधुओं को सेक्टरवार पंडाल में बिठाया गया। पंडाल में 150 विवाह वेदियां स्थापित की गई। प्रत्येक विवाह वेदी पर वर-वधुओं के साथ विवाह संस्कार संपन्न कराने को एक-एक गायत्री परिजन को जिम्मेदारी दी गई। वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच विवाह संस्कार शुरू हुए। समारोह स्थल पर गायत्री परिजन लालाराम आचार्य और कंहई लाल वर्मा देखरेख में वैवाहिक रस्मों को पूरा किया गया। विवाह संस्कार संपन्न होने के बाद विधायक एवं डीएम ने वर-वधुओं को उपहार देकर उनके सुखी दांपत्य की कामना करते हुए विदाई दी।

## न्यूज ब्रीफ

### संगीत कार्यक्रम में दर्शकों का मोहा मन

**पीलीभीत, अमृत विचार :** राजकीय आयुर्वेदिक महाविद्यालय में पुरातन कल्याण छात्र संघ पीलीभीत और स्पिक मैके संस्था के सौजन्य से छात्रों एवं अध्यापकों के मध्य संगीत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। एकेडमिक ब्लॉक सभागार में हुए कार्यक्रम में दिल्ली से आए पंडित अभय रुस्तम सोपोरी ने शास्त्रीय गायन एवं वादन से मन मोह लिया। तबला वादक उदित उदय कुमार, पखावत वादक चंचल सिंह की प्रस्तुति सराही गई। इस मौके पर प्राचार्य सुदीप वेदार, ललित हरि राजकीय आयुर्वेदिक कॉलेज पुरातन छात्र कल्याण संघ ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. अनिल सक्सेना, सचिव डॉ.हरिशंकर मिश्रा, डॉ.दिनेश तिवारी ,लक्ष्मीकांत शर्मा ,डॉ. अजय,डॉ. अखिलेश आदि मौजूद रहे।

### प्रतिभागियों को बांटे प्रमाण पत्र

**पीलीभीत, अमृत विचार :** राजकीय फल संरक्षण एवं प्रशिक्षण केंद्र की ओर से मुख्यमंत्री खाद्य प्रसंस्करण ग्राम स्वरोजगार योजना के अंतर्गत गांव परेवा किशनी में चल रहे दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का गुरुवार को समापन हो गया। बीसलपुर ब्लाक के गांव परेवा किशनी में बीते बुधवार को दो दिवसीय प्रशिक्षण की शुरूआत की गई थी। खाद्य प्रसंस्करण प्रभारी असीम कुमार वर्मा के निर्देशन में हुए प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान लाभार्थियों को खाद्य प्रसंस्करण से जुड़ी जानकारियां दी गई। कार्यक्रम में प्रशिक्षक सुधाकर, वीरेंद्र कुमार पाली, अभिप्रिय, पवन कुमार, अखिलेश कुमार ने पहले दिन खाद्य प्रसंस्करण से जुड़ी योजनाओं के बारे में बताया। इधर गुरुवार को विभाग की तरफ से 30 लाभार्थियों को मिश्रित आचार बनाने का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। समापन पर सभी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र देने के साथ पेन, पैड, फोल्डर तथा अन्य साहित्य वितरित किया गया। प्रशिक्षण में अनीता देवी, अंशु, रामबेटी, मंजू, आशा देवी, पूनम, शांति देवी, कन्यावती, तुलसी, गायत्री देवी आदि मौजूद रहे।

### भाकियू भानु की बैठक 14 मार्च को

**पीलीभीत, अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन भानु की ओर से जागरुकता अभियान के तहत बैठक 14 मार्च को अमरिया ब्लॉक के ग्राम जंगरौली आशा में होगी। इसकी अध्यक्षता संगठन के जिलाध्यक्ष भजनलाल क्रोधी करेंगे। कार्यकर्ताओं से सुबह 11 बजे तक पहुंचने की अपील की गई है।

# अब 24 घंटे मिलेगी अल्ट्रासाउंड एक्स रे व सीटी स्कैन की सुविधा

- आपात स्थिति में आने वाले मरीजों को अब नहीं करना पड़ेगा सुबह तक इंतजार
- मेडिकल कॉलेज प्रशासन ने स्टाफ और टेक्नीशियन की रोस्टर से लगाई ड्यूटी

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** मेडिकल कॉलेज से संबद्ध जिला अस्पताल में अब मरीजों को अल्ट्रासाउंड, डिजिटल एक्सरे और सीटी स्कैन की सुविधा 24 घंटे मिलेंगी। मेडिकल कॉलेज प्रशासन ने मरीजों की सुविधा और आपातकालीन इलाज को ध्यान में रखते हुए यह व्यवस्था लागू की गई है। इससे रात के समय आने वाले गंभीर मरीजों की जांच तत्काल हो सकेगी और इलाज में देरी नहीं होगी। इसको लेकर रोस्टर के हिसाब से ड्यूटी लगाई गई है।

बता दें कि अब तक जिला अस्पताल में अल्ट्रासाउंड, डिजिटल एक्सरे और सीटी स्कैन जैसी महत्वपूर्ण जांचें केवल ओपीडी समय तक ही सीमित थीं, जिससे रात के समय आने वाले मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ता था। गंभीर हालत में आने वाले मरीजों को जांच रिपोर्ट के लिए अगली सुबह तक इंतजार करना पड़ता था या फिर मजबूरी में निजी जांच केंद्रों का सहारा लेना पड़ता था। इसमें उन्हें अधिक खर्च करना पड़ता था। सड़क दुर्घटनाओं या अन्य आकस्मिक घटनाओं में समय पर जांच न होने से इलाज में देरी भी हो जाती थी। अब इन सभी जांच सेवाओं के 24 घंटे उपलब्ध होने से गंभीर मरीजों की तत्काल जांच संभव हो सकेगी। इससे समय पर इलाज मिलने की संभावना बढ़ेगी और मरीजों को काफी राहत मिलेगी। राजकीय मेडिकल कॉलेज के उप प्राचार्य डॉ. अरुण सिंह ने बताया कि मरीजों की सुविधा और बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित करने के लिए यह व्यवस्था लागू की गई है। इसके तहत सीटी स्कैन, अल्ट्रासाउंड और डिजिटल एक्सरे की सेवाएं अब 24 घंटे संचालित की जा रही हैं। प्राचार्य डॉ. संगीता अनेजा ने बताया कि इस व्यवस्था से न केवल जिले के मरीजों को लाभ मिलेगा, बल्कि पड़ोसी जिलों से रेफर होकर आने वाले मरीजों को भी समय पर जांच और इलाज मिल सकेगा।

# एक्सपोजर विजिट पर गईं छात्राएं, जुटाई जानकारी

- पशु पक्षियों में होने वाली बीमारियों और बचाव भी जाना

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** एक्पोजर विजिट के तहत गुरुवार को अब कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय अमरिया की 100 छात्राओं को आईवीआरआई बरेली ले जाया गया। छात्राओं ने विजिट का भरपूर आनंद लिया और ज्ञान जुटाया। इन पलों को सेल्फी लेकर कैमरे में कैद किया।

आईवीआरआई बरेली में संस्थान की ओर से दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में छात्राओं को बारीकी से बताया गया। नाभिकीय वैज्ञानिक प्रयोगशाला, केंचुआ पालन, पशु पक्षियों को दी जाने वाली वैक्सीन सहित पशु पक्षियों में होने वाली बीमारियों व उनसे बचाव की जानकारी दी गई। संस्थान के प्रयोगशाला वधुशाला ,नेशनल एनिमल साइंस सेंटर, कृषि विज्ञान केंद्र, योगा पार्क, जैविक उत्पाद विभाग का भ्रमण कराया गया। वन्य जीव प्राणी संस्थान में छात्राओं की बारह सिंघा, हिरन को करीब से देखा। म्यूजियम में मोर कछुआ शुतुरमुर्ग हेमू पक्षियों की जानकारी संस्थान के फहीम अंसारी ने दी। छात्राओं को बताया गया कि किस श्रेणी के पशु पक्षियों से कैसा व्यवहार करना चाहिए। इसके अलावा अमरिया विकासखंड के विभिन्न परिषदीय स्कूलों के राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत कराई गई प्रतियोगिताओं में विजेता छात्र-छात्राओं को भी विजिट में ले जाया गया था। इस मौके पर जिला व्यायाम शिक्षक राजीव कुमार,केके सागर,केके सिंह, स्पेशल एजुकेटर संजीव मिश्रा, वार्डेन शीतल,बबीता, निशा,अनामिका, सुजाता,गीता,प्रेमलता, बेबी बानो, कुसुम,सुमित्रा, किरन आदि मौजूद रहे।



एक्सपोजर विजिट पर बरेली गई छात्राएं। ● अमृत विचार

# ऐतिहासिक धरोहरों का होगा प्रचार

- पुरातत्व विभाग के मीडिया एडवाइजर पहुंचे पीलीभीत
- गौरी शंकर मंदिर व बरेली गेट की करेंगे फोटो और वीडियोग्राफी

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** शहर की ऐतिहासिक धरोहरों का सोशल मीडिया के माध्यम से प्रचार प्रसार करके जन-जन तक पहुंचाया जाएगा। पुरातत्व विभाग की ओर से इसकी तैयारी शुरू कर दी गई है। विभाग के मीडिया एडवाइजर पीलीभीत पहुंचे और कई ऐतिहासिक धरोहरों को देखा। उनकी वीडियो और फोटोग्राफी की गई।

उत्तर प्रदेश पुरातत्व विभाग के मीडिया एडवाइजर सौरभ श्रीवास्तव गुरुवार को पीलीभीत पहुंचे। उन्होंने ऐतिहासिक गौरीशंकर मंदिर पहुंचकर निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि निदेशक रेनू द्विवेदी के निर्देश पर वह आए हैं। ऐतिहासिक गौरीशंकर मंदिर के साथ ही बरेली गेट, कोतवाली गेट पर भी गए। यहां पर भी फोटोग्राफी व वीडियोग्राफी की गई। बताया कि संस्कृति विभाग पुरातत्व विभाग की इन संरक्षित धरोहरों को सोशल मीडिया के माध्यम से जन जन तक पहुंचाने की योजना बनाई गई है। इससे लोगों को हमारी संस्कृति और विरासत के बारे में जानकारी हो सकेगी। कहा कि यह धरोहर हमारी विरासत हमारी संस्कृति की पहचान हैं, जो जर्जर हो चुकी हैं, उनका जीर्णोद्धार कराया जा सके। मंदिर में निरीक्षण के दौरान उनके साथ गौरीशंकर मंदिर के महंत जयशंकर शर्मा, सामाजिक कार्यकर्ता शिवम कश्यप एडवोकेट भी मौजूद रहे। उन्होंने सौरभ श्रीवास्तव से बात करते हुए मंदिर के ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व को विस्तार पूर्वक बताया। इन पर विभाग को कार्य करने और ऐतिहासिक महत्व को दर्शाने का आग्रह किया।



गौरीशंकर मंदिर में पहुंचे पुरातत्व विभाग के मीडिया एडवाइजर सौरभ श्रीवास्तव।

# शिविर में 300 बच्चों का किया टीकाकरण

**पीलीभीत, अमृत विचार:** पूरनपुर के रामस्वरूप रामदुलारी सरस्वती विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की ओर से रूबेला टीकाकरण शिविर लगाया गया। इस दौरान कक्षा एक से पांच तक के 300 विद्यार्थियों को रूबेला के टीके लगाए गए।

टीकाकरण से पूर्व विद्यार्थियों के अभिभावकों से आवश्यक अनुमति प्राप्त की गई। स्कूल के वरिष्ठ कार्यालय प्रमुख हरीश, यवेंद्र, नितिन अग्रवाल, चेतन जायसवाल, पुष्पा रानी, पुस्तकालय अध्यक्ष प्रदीप अग्निहोत्री मौजूद रहे। स्वास्थ्य विभाग की ओर से एएनएम विशाखा, शबनम, प्रतिरक्षण अधिकारी संजीव कुमार पहुंचे थे।



टीकाकरण को पहुंची टीम। ● अमृत विचार

# निरीक्षण में सफाई कर्मचारी नदारद

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** डीपीआरओ को ग्राम पंचायतों के निरीक्षण के दौरान सफाईकर्मी नदारद मिला। वहीं बिलंगवा में स्कूल परिसर में साफ-सफाई व्यवस्था बदहाल मिली। अन्य व्यवस्थाएं भी दुरुस्त नहीं मिली। इस पर डीपीआरओ ने गैरहाजिर सफाईकर्मी समेत दो पंचायत सचिवों को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है।

डीपीआरओ रोहित भारती ने बीते दिवस मरौरी ब्लाक की ग्राम पंचायत बिलगवां और दियूनी केसरपुर का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने पहले बिलगवां ग्राम पंचायत में व्यवस्थाओं का जायजा लिया। सफाई व्यवस्था बेहतर न मिलने पर सफाई कर्मी के बारे में जानकारी की। पता चला कि गांव में सफाई कर्मी ड्यूटी पर ही नहीं आया है। स्कूल के आसपास भी सफाई व्यवस्था बदहाल मिली। इसके बाद उन्होंने पंचायत सचिवालय का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान यहां भी खामियां पाई गई। इस पर डीपीआरओ ने प्रधान व पंचायत सचिव से जब लापरवाही के बारे में जानकारी की, तो कोई भी संतोषजनक जवाब नहीं मिला। इस पर डीपीआरओ ने नाराजगी जताते हुए प्रधान और पंचायत को कारण बताओ नोटिस जारी किया। साथ ही साफ-सफाई व्यवस्था सुधार के दिशा निर्देश दिए। इसके बाद डीपीआरओ ने इसी ब्लॉक की ग्राम पंचायत दियूनी केसरपुर में व्यवस्थाएं देखी। इस ग्राम पंचायत में साफ-सफाई के साथ अन्य व्यवस्थाएं दुरुस्त मिलीं। निरीक्षण के बाद डीपीआरओ रोहित भारती ने बताया कि ग्राम पंचायतों के निरीक्षण के दौरान कुछ अव्यवस्थाएं मिली है। इस पर पंचायत सचिव मनोरंजन कुमार और आरुषि को नोटिस जारी किया गया है। गैरहाजिर सफाईकर्मी को भी नोटिस जारी किया गया है।




परिषदीय विद्यालय में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करते डीपीआरओ रोहित भारती।

# करेली के अनिल शर्मा ने पूरी की दंडवत यात्रा



दंडवत यात्रा करते अनिल शर्मा। ● अमृत विचार

संवाददाता, बिलसंडा

**अमृत विचार :** ब्लॉक क्षेत्र के गांव करेली के रहने वाले अनिल शर्मा ने जनकल्याण के लिए तीन दिवसीय दंडवत यात्रा की। गुरुवार को उनकी यात्रा पूरी हो गई। इस दौरान वह करेली स्थित देवदेवेश्वरम मंदिर से नगर स्थित श्रीनिवास कुंज आश्रम तक चले। वह पूर्व में भी जनकल्याण के लिए कई बार अपनी दंडवती यात्रा को पूर्ण कर चुके हैं। इस दौरान लोगों ने उनका स्वागत भी किया।

# प्रथम बैच के 36 फील्ड ट्रेनरों का प्रशिक्षण पूरा

**जनगणना-2027**

- प्रशिक्षित फील्ड ट्रेनर प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों को करेंगे प्रशिक्षित

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** जनगणना-2027 को लेकर फील्ड ट्रेनरों के प्रथम बैच का तीन दिवसीय प्रशिक्षण गुरुवार को पूरा हो गया। मास्टर ट्रेनरों ने मकान सूचीकरण एवं कानूनी प्रावधानों के बारे में जानकारी दी। अब शुक्रवार से द्वितीय बैच का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शुरू होगा।

जिला प्रशासन की ओर से जनगणना-2027 को लेकर तैयारियां तेजी से शुरू कर दी गई है। जनपद में जनगणना को लेकर अलग-अलग दो चरणों में प्रशिक्षण दिया जाना है। बीते 10 मार्च को बेनहर गुरुकुल में प्रथम बैच के 36 फील्ड ट्रेनरों के प्रशिक्षण की शुरूआत की गई थी। डीएम ज्ञानेंद्र सिंह ने प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया था। प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनरों की ओर से फील्ड ट्रेनरों को मकानों का सूचीकरण एवं मकानों की गणना के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। वही फील्ड ट्रेनरों को जनगणना के उद्देश्य, कानूनी प्रावधानों और मकान सूचीकरण के सैद्धांतिक नियमों के बारे में भी विस्तार से बताया। मोबाइल ऐप और डिजिटल पोर्टल का उपयोग एवं प्रगणकों को डेटा फीड करने के लिए तकनीकी बारीकियों को समझाया जाएगा। इधर प्रथम बैच के प्रशिक्षण के अंतिम दिन फील्ड वर्क का अभ्यास, मॉक एक्सरसाइज और अंत में शंका समाधान किया गया। अब प्रशिक्षित फील्ड ट्रेनर द्वारा अपने-अपने आवंटित क्षेत्रों में जाकर प्रगणकों और पर्यवेक्षकों को प्रशिक्षण देंगें। इधर डीएम ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि द्वितीय बैच का तीन प्रशिक्षण कार्यक्रम शुक्रवार से शुरू होगा। इसमें शेष बचे 36 फील्ड ट्रेनरों को प्रशिक्षित किया जाएगा। बता दें कि बता दें कि जनपद में जनगणना का कार्य दो चरणों में किया जाना है। प्रथम चरण 22 मई से 20 जून तक मकान सूचीकरण और मकानों की गणना एवं द्वितीय चरण 09 फरवरी 2027 से 28 फरवरी 2027 तक जनसंख्या गणना की जाएगी।



प्रथम बैच के प्रशिक्षित फील्ड ट्रेनरों के साथ मौजूद डीएम ज्ञानेंद्र सिंह। ● अमृत विचार

# बैठक में शपथ ग्रहण व सम्मान समारोह को लेकर की चर्चा

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल की नगर इकाई की बैठक गुरुवार को एक बरात घर में कोर कमेटी के साथ संपन्न हुई। इसकी अध्यक्षता नगर अध्यक्ष रवि शर्मा और संचालन नगर महामंत्री हरिपाल यादव ने किया। बैठक में आगामी 18 मार्च को आयोजित होने वाले उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के शपथ ग्रहण एवं सम्मान समारोह को लेकर विस्तृत चर्चा की गई और कार्यक्रम की रूपरेखा तय की गई। जिलाध्यक्ष अर्जुन सिंह टलानी, जिला महामंत्री स्वतंत्र देवल ने मार्गदर्शन प्रदान किया। बैठक में उपस्थित व्यापारियों संग कई बिंदुओं पर चर्चा की गई। व्यापार मंडल के आगामी कार्यक्रम को सफल बनाने का संकल्प लिया। इस मौके पर नगर उपाध्यक्ष राहुल गजवानी,कोषाध्यक्ष प्रतिपाल सिंह,उमेश पटेल,हरदीप सिंह ढिल्लो,हर्षल जैसवार,डब्बू पटेल, शोभित द्विवेदी,पारस शर्मा,प्रतीक सक्सेना,मोहित सहगल,अमित गुप्ता,सपन मिश्रा,नीरज कुमार आदि मौजूद रहे।



बैठक में मौजूद व्यापारी। ● अमृत विचार



**इफ्तार** शुक्रवार
सुन्नी : 6:22
शिया : 6:30

**सहरी** शनिवार
सुन्नी : 5:00
शिया : 4:51

## शहर में आज

- भारतीय मजदूर संघ की बैठक सुबह 11 बजे से।
- शाही जामा मस्जिद में जुमे की नमाज दोपहर 1.30 बजे।
- पुलिस और परिवहन विभाग का चेकिंग अभियान सुबह 09 बजे से।
- बेनहर गुरुकुल में जनगणना को लेकर दूसरे बैच का प्रशिक्षण सुबह 10 बजे से।

# गैस संकट: सिलेंडर छोड़िए ऑनलाइन बुकिंग के भी पड़े लाले

## एजेंसी संचालकों ने लोड बढ़ने पर सर्वर की समस्या बताई, ऑनलाइन गैस बुक न होने पर गैस एजेंसियों पर दिनभर लगी रही भीड़

**कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत**

**अमृत विचार :** ईरान-इजरायल जंग का हल्ला मचाकर कुकिंग गैस का अघोषित संकट पैदा करने का खेल बढ़ने पर भले ही प्रशासनिक स्तर से उपभोक्ताओं से धैर्य रखने की अपील की जा रही है। गोदाम पर पर्याप्त मात्रा में रसोई गैस सिलेंडर का स्टॉक बताया जा रहा हो, लेकिन घरेलू उपभोक्ताओं की मुश्किलें कम नहीं हो पा रही है।

आलम ये है कि रसोई गैस सिलेंडर प्राप्त करना तो दूर की बात, इसकी ऑनलाइन बुकिंग ही नहीं हो पा रही है। नतीजतन घंटों घरों पर मशक्कत करने के बाद असफल होने पर उपभोक्ता दिनभर गैस एजेंसियों की दौड़-भाग करते नजर आए। इसे लेकर भीड़ जुटी रही। हालांकि कहीं केवाईसी न होने तो कहीं सर्वर की दिक्कत बताकर उपभोक्ताओं को आश्वस्त कर वापस किया जाता रहा।

शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों तक पिछले कुछ दिनों से रसोई गैस का अघोषित संकट का शोर मचा हुआ है। बदले नियमों के बीच सिलेंडर की आपूर्ति पाने के लिए लोग परेशान हैं। हालांकि प्रशासनिक स्तर से उपभोक्ताओं से धैर्य बरतने की अपील करते हुए स्पष्ट कर दिया गया है कि जिलेभर में रसोई गैस की कोई किल्लत नहीं है। पर्याप्त स्टॉक मौजूद है और बुकिंग के बाद होम डिलीवरी भी लगातार कराई जा रही है। इन सब दावों के बीच गुरुवार को भी अघोषित गैस संकट को लेकर हाहाकार सा मचा रहा। सुबह से ही उपभोक्ता ऑनलाइन बुकिंग न होने पर गैस एजेंसियों की दौड़ लगाने में जुटे रहे। जिसके चलते दिनभर भीड़ लगी रही। गैस एजेंसी के संचालक और स्टाफ उनको आश्वस्त करने में जुटा रहा। इस दौरान कई ऐसे भी उपभोक्ता पहुंचे, जिनकी रि-केवाईसी नहीं हुई थी। ऐसे में एजेंसियों पर एक कर्मचारी को केवाईसी करने के लिए लगा दिया गया। बुकिंग को लेकर दिक्कत बनी रही। इसके पीछे बताया जाता रहा कि अचानक लोड बढ़ने से पोर्टल ठीक से काम नहीं कर पा रहा है। जिसके चलते दिक्कत आ रही है।



दादू गैस सर्विस पर सिलेंडर बुक कराने के लिए लगी उपभोक्ताओं की कतार। ● अमृत विचार



पीलीभीत गैस एजेंसी पर सर्वर की दिक्कत के चलते बुकिंग का प्रयास करते संचालक असद जावेद।

### बुकिंग से दोगुना स्टॉक, घबराने की नहीं जरूरत



रसोई गैस की कोई किल्लत जिले में नहीं है। आम दिनों की अपेक्षा तीन गुना बुकिंग हो रही है। इसके साथ ही गैस सिलेंडर की डिलीवरी भी दूसरे दिन में ही करा रहे हैं। स्टॉक की बात करें तो बुकिंग से दो गुना है। जरूरत पड़ने पर ही लोग बुकिंग कराएं। बुकिंग के लिए लोड बढ़ने पर सर्वर ठीक से काम नहीं कर पा रहा है, इसलिए दिक्कत प्रतीत हो रही है। अधिकांश ऐसे उपभोक्ता हैं, जिनकी रि-केवाईसी नहीं हुई थी। इसे भी कराया जा रहा है।
– **पुनीत गोयल,** गैस एजेंसी संचालक



गैस बुकिंग को लेकर समस्या का सामना करना पड़ रहा है। गैस एजेंसियों द्वारा जो नंबर उपलब्ध कराए गए हैं वह लग नहीं रहे हैं। गैस की किताब में जो नंबर दे रखा है वह भी सिस्टम द्वारा बंद कर रखा है। सर्वर पूर्ण रूप से खराब होने की बात कह दी जा रही है। एजेंसी में काफी भीड़ है, लोग परेशान हैं। – **शैली शर्मा,** उपभोक्ता

### वाहन में मिला घरेलू सिलेंडर का इस्तेमाल तो पंजीकरण किया जाएगा निरस्त

परिवहन विभाग की ओर से भी अब अघोषित गैस संकट के शोर के बीच सख्ती की है। समस्त एलपीजी युक्त वाहन स्वामियों और वाहन चालकों को निर्देशित किया गया है कि आगामी आदेशों तक अपने एलपीजी से संचालित होने वाले वाहनों का संचालन एलपीजी के स्थान पर वैकल्पिक ईंधन (पेट्रोल) से किया जाए। किसी भी स्थिति में वाहन का संचालन एलपीजी इंधन पर न किया जाए। साथ ही घरेलू एलपीजी सिलेंडर से वाहनों में अवैध रूप से एलपीजी रिफिलिंग करने वाले और करवाने वाले व्यक्तियों को कड़ी चेतावनी दी है। एआरटीओ वीरेन्द्र सिंह ने बताया कि अगर कोई घरेलू सिलेंडर से वाहनों में अवैध रूप से रिफलिंग करते पाया गया तो दोनों पक्षों के विरुद्ध नियमानुसार दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। वाहनों में अवैध रूप से एलपीजी किट लगाकर वाहन संचालित पाया गया तो तत्काल प्रभाव से वाहन का पंजीयन निलम्बित कर दिया जाएगा। इसे लेकर पुलिस और परिवहन विभाग संयुक्त रुप से शुक्रवार से विशेष अभियान भी शुरू करेगा।

### ग्रामीण अंचल की एजेंसियों पर अधिक दिक्कत

शहर से अधिक दिक्कत ग्रामीण अंचलों पर संचालित गैस एजेंसियों पर बनी हुई है। वहां पर उपभोक्ता अधिक परेशान है। इसके पीछे एजेंसी संचालकों का अपना तर्क है। उनका कहना है कि ग्रामीण अंचलों के उपभोक्ता एडवांस बुकिंग नहीं कराते थे। ऐसे में एजेंसियों पर भी अधिक स्टॉक नहीं रहता था। मगर अब कुछदिन में गैस किल्लत के शोर के बीच अचानक बुकिंग बढ़ गई और स्टॉक कम पड़ता दिखा। आपात स्थिति कहीं पर नहीं है।



लोगों को धैर्य बनाये रखने की जरूरत है। गैस की किसी तरह की कोई कमी नहीं है लेकिन बुकिंग सिस्टम में ख़ामी आने की वजह से ये दिक्कत आ रही है। डीएम से मामले में हस्तक्षेप का आग्रह किया है। एजेंसियां कह रही हैं कि उनके पास गैस है, तो तकनीकी बाधाओं के कारण जनता को परेशान नहीं किया जाना चाहिए। डीएम से आग्रह है कि वे अपने स्तर से गैस कंपनियों के उच्चाधिकारियों से वार्ता कर बुकिंग सिस्टम को दुरुस्त कराएं ताकि भ्रम की स्थिति को खत्म किया जा सके। –**एमए जिलानी,** व्यापार मंडल अध्यक्ष

## न्यूज ब्रीफ

### घायल युवक की अस्पताल में मौत

**पीलीभीत, अमृत विचार :** अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल हुए युवक ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। मौत के खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। गजरौला क्षेत्र के गांव सराय सुंदरपुर निवासी 25 वर्षीय अरविंद पुत्र राधेश्याम होली के दिन पड़ोस के गांव में होली खेलने के लिए जा रहे थे। रास्ते में उसकी बाइक को किसी वाहन ने टक्कर मार दी, जिसमें वह घायल हो गए थे। इसकी सूचना पर पहुंचे परिजनों ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया था। बुधवार रात उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। परिजनों का रोकर बुरा रहा।

### फुसलाकर ले जाई गई किशोरी बरामद

**बरखेड़ा, अमृत विचार :** एक युवक किशोरी को बहला फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया था। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू की। पुलिस ने किशोरी को बरामद कर लिया। थाना क्षेत्र के एक ग्रामीण ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी 15 वर्षीय पुत्री को थाना गजरौला के गांव देवीपुरा के पास मोहर्रम वाली गौटिया निवासी भूपेंद्र कुमार बहला फुसला कर 11 मार्च को ले गया। चौकी जिरौनिया इंचार्ज हिमांशु गौतम ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। गुरुवार दोपहर को बीसलपुर मार्ग पर गांव नवादा महेश तिराहे के पास से किशोरी को बरामद कर लिया गया है। अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

# डेमो स्पेशल ट्रेन की चपेट में आकर वृद्धा की मौत

**कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत**

- न्यूरिया थाना क्षेत्र के मोहल्ला खेड़ा की रहने वाली थी मृतका

**अमृत विचार :** न्यूरिया थाना क्षेत्र के मोहल्ला खेड़ा निवासी मुल्लो देवी (75) पत्नी चंद्रसेन गुरुवार सुबह करीब साढ़े 9 बजे न्यूरिया कालोनी स्थित रेलवे क्रासिंग के पास पहुंचीं। इसी दौरान पीलीभीत रेलवे स्टेशन से टनकपुर की ओर जा रही डेमो स्पेशल ट्रेन संख्या 75301 वहां से गुजर रही थी।



मुल्लो देवी।

इसकी चपेट में आकर वृद्धा की मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची और जानकारी की। मौके पर मौजूद कुछ लोगों ने बताया कि ट्रेन के नजदीक आते ही वृद्धा अचानक रेलवे पटरी पर आ गईं थी और ट्रेन की चपेट में आ गईं। हादसे में उनकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के चलते ट्रेन कुछ देर रुकी रही। इससे कुछ देर के लिए यात्रियों में भी अफरा-तफरी का माहौल बन गया। करीब 15 मिनट तक ट्रेन घटनास्थल पर ही खड़ी रही। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और आरपीएफ के जवान मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने शव की शिनाख्त कर परिवार को सूचना देकर बुलाया। परिजन का रोकर बुरा हाल रहा। न्यूरिया एसओ सुभाष मावी ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला खुदकुशी का प्रतीत हो रहा है। इस कदम के पीछे क्या कारण रहे, इसकी जानकारी नहीं हो सकी है। शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## पति व ससुरालियों पर एफआईआर

**बरखेड़ा, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव दौलतपुर पट्टी निवासी वंदना देवी पुत्री बाबूराम ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी शादी करीब पांच साल पहले जनपद बरेली के नवाबगंज थाना क्षेत्र के ग्राम हरचंदपुर निवासी अमित कुमार पुत्र रामरतन से हुई थी। आरोप है कि पति अमित कुमार, सास अनीता देवी, ननद रोशनी, छाया, ससुर राम रतन दिए गए दान दहेज से संतुष्ट नहीं थे। अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित करते थे। मायके वालों द्वारा उसके ससुराल वालो को समझाया गया लेकिन वे नहीं माने। जान से मारने की धमकी दी। यह भी आरोप है कि उसके पति व ससुर दोनों नशा करते हैं। दो मार्च को उसके ससुराल वालों ने उसकी दो वर्ष की बच्ची को अपने पास रख लिया और उसे मारपीट कर पहने हुए कपड़ों में निकाल दिया। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज की है।

# हत्याकांड के दो आरोपी गिरफ्तार

- अन्य आरोपियों की तलाश में पुलिस की टीमें दे रही दबिश

**संवाददाता, दियोरियाकलां**

**अमृत विचार :** डेढ़ सप्ताह पूर्व गांव किशनपुर में जमीन विवाद को लेकर हुई हत्या के मामले में फरार चल रहे दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। अन्य दो आरोपियों की तलाश के लिए टीमें दबिश दे रही हैं। हालांकि उन्हें पकड़ने में कामयाबी नहीं मिल सकी है।

बता दें कि कोतवाली क्षेत्र के ग्राम किशनपुर में दो पक्षों के बीच जमीन के विवाद में कहासुनी हो गई थी। इसी कहासुनी को लेकर मामला तूल पकड़ गया। विवाद बढ़ने पर आरोपियों ने हरिओम पर लाठी-डंडों व धारदार हथियार से हमला कर दिया था। जिसमें हरिओम गम्भीर रूप से घायल हो गए और बचाने पहुंचे परिजनों को भी आरोपियों ने पीटा था। गंभीर हालत में हरिओम को दियोरिया सीएचसी में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई थी। पुलिस ने मृतक के पिता बनवारी लाल की तहरीर पर 11 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर सात अभियुक्तों को गिरफ्तार कर पूर्व में ही जेल भेज दिया था। चार आरोपी फरार थे। एसओ गौतम सिंह ने बताया कि हत्याकांड में फरार चल रहे जंगबहादुर के पुत्र पवन और ज्वाला प्रसाद के पुत्र अशोक कुमार को मानपुर तिराहे से गिरफ्तार कर गुरुवार को जेल भेज दिया है। अन्य दो आरोपियों की गिरफ्तारी को टीम लगी है।



कोतवाली पुलिस की गिरफ्त में पकड़े गए आरोपी। ● अमृत विचार

## इंजीनियर को प्रोजेक्ट मैनेजर ने पीटा, किया हमला

**बीसलपुर, अमृत विचार :** एक कंस्ट्रक्शन कंपनी के बिलिंग इंजीनियर के साथ कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर ने अपने दो कर्मचारियों संग मारपीट की। इस मामले में रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस जांच कर रही है।

कोतवाली में दी गई तहरीर में गोयल कंस्ट्रक्शन कंपनी के बिलिंग इंजीनियर सोमेश नागर ने बताया कि वह हाल में मोहल्ला पटेल नगर में रहते हैं। कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर अनबारी हुसैन, क्वालिटी इंजीनियर रोहित यादव और स्टोर इंचार्ज विश्राम ने उनके साथ मारपीट की। दोबारा हमला कराने की भी धमकी दी गई। आरोपियों से जान का खतरा बताते हुए कार्रवाई की मांग की। कोतवाल संजीव शुक्ला ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच करा रहे हैं।

### बिन मौसम कोहरा



कुदरत के रंग भी निराले हैं। जिस मार्च के महीने में सूरज की तपिश पसीने छुड़ाने लगती है, उसी महीने की एक सुबह पूरनपुर रेलवे स्टेशन सफेद धुंध में लिपटा नजर आया। गुरुवार सुबह नौ बजे रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म और रेल की पटरियां कोहरे की चादर से ढकी देखी गई। यह नजारा देख रेलवे स्टेशन पर आने वाला लगभग हर एक मुसाफिर एकबारगी ठिठक सा गया। गर्मी की दस्तक के बीच इस बिन मौसम कोहरे ने न केवल मौसम का मिजाज बदला, बल्कि लोगों को अहसास कराया कि प्रकृति आज भी हमें चौंकाने की ताकत रखती है। – फोटो– सुनील यादव

### खेत पर जा रहे ग्रामीण पर हमला रिपोर्ट दर्ज

**बीसलपुर, अमृत विचार :** क्षेत्र का एक ग्रामीण अपने खेत पर गेहूं की फसल की रखवाली करने जा रहा था। इस दौरान रास्ते में जाम छलका रहे कुछ लोगों ने उसे रोका और अभद्रता कर पिटाई कर दी। चाकू से वा करके घायल कर दिया। कोतवाली में दी गई तहरीर में क्षेत्र के गांव मुसेली निवासी मुनीश कुमार ने बताया कि तीन मार्च की रात साढ़े नौ बजे वह अपने घर से खेत पर गेहूं की फसल की रखवाली करने जा रहे थे। इसी दौरान रास्ते में एक खेत से निकलते वक्त वहां कुछ लोग शराब पी रहे थे। वह उन्हें रोक जबरन शराब पिलाने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने हमला कर दिया। चाकू से वार करके घायल कर दिया। शोर मचाने पर कुछ लोग जमा हुए तो आरोपी भाग गए। पुलिस ने मामले में गांव के ही मनोज कुमार, दीपक कुमार, अरुण कुमार, धरमवीर, तीन अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

## डॉ. अनिल बनाए प्रांतीय महासचिव

**पीलीभीत, अमृत विचार :** भारत विकास परिषद एनसीआर-1 रोहिलखंड पूर्व प्रांत सत्र 2026-27 के लिए डॉ. अनिल सक्सेना को प्रांतीय महासचिव के रूप में नियुक्त किया गया है। इस पर टाइगर शाखा पीलीभीत के सदस्यों ने हर्ष जताया।



डॉ. अनिल सक्सेना।

बता दें कि डॉ. अनिल सक्सेना रोटरी क्लब के भी अध्यक्ष हैं। भारत विकास परिषद राष्ट्रीय महासचिव सुनील खेड़ा, क्षेत्रीय अध्यक्ष डॉ. तरुण शर्मा, पूर्व अध्यक्ष संजीव जॉली, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य नितिन डालब, पूर्व क्षेत्रीय महासचिव अनुराग दुरबुश, क्षेत्रीय संयुक्त सचिव नरेंद्र अरोड़ा, प्रांतीय पूर्व संरक्षक प्रभात सक्सेना, प्रांतीय पूर्व महासचिव राहुल यदुवंशी, डॉ. हरिशंकर मिश्रा आदि ने शुभकामनाएं दी।

# स्टेप मार्किंग से मिलेगा हर सही कदम का नंबर

### यूपी बोर्ड मूल्यांकन

**कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत**

- गणित-विज्ञान में फार्मूला सही होने पर भी मिलेंगे अंक
- 18 मार्च से शुरू होगा मूल्यांकन जिले में बनाए दो केंद्र

**अमृत विचार :** यूपी बोर्ड परीक्षा में शामिल हुए परीक्षार्थियों को राहत की खबर है। माध्यमिक शिक्षा परिषद ने कॉपियों की जांच के पारंपरिक तरीके में सुधार करते हुए स्टेप मार्किंग सिस्टम लागू किया है। इससे किसी प्रश्न का अंतिम उत्तर गलत होने पर भी छात्र को उसके सही हल किए गए चरणों के आधार पर अंक मिल सकेंगे। साथ ही मूल्यांकन प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और त्रुटि रहित बनाने के लिए कॉपियों की रैंडम जांच भी की जाएगी।

बता दें कि 18 फरवरी से चल रही बोर्ड की परीक्षाएं 12 मार्च को समाप्त हो गई। आखिरी दिन हाईस्कूल प्रथम पाली में कृषि का पेपर कराया गया। जिसमें 201 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। लेकिन परीक्षा में 191 शामिल हुए, जबकि 10 गैरहाजिर रहे।

इसी पाली में कंप्यूटर में 152 में 143 उपस्थित रहे। जबकि नौ गैरहाजिर रहे। इसी तरह दूसरी पाली में इंटरमीडिएट की परीक्षा कराई गई। जिसमें संस्कृत का पेपर कराया गया। यहां 308 के सापेक्ष 282 ने परीक्षा दी। जबकि 26 अनुपस्थित रहे। परीक्षा समाप्त होने के बाद मूल्यांकन केंद्रों की तैयारियां शुरु कर दी गई है। कॉपियों के मूल्यांकन के लिए दो केंद्र बनाए गए हैं। इनमें ड्रमंड राजकीय इंटर कॉलेज और राजकीय बालिका इंटर कॉलेज को मूल्यांकन केंद्र बनाया गया है। यहां 18 मार्च से कॉपियों की जांची जाएंगी। जिसको लेकर तैयारियां शुरु कर दी गई है। इस बार मूल्यांकन में स्टेप मार्किंग सिस्टम लागू किया गया है।

जिसके के तहत अब छात्र को सवाल हल करने के दौरान किए गए हर सही चरण के लिए अंक दिए जाएंगे। खासतौर पर गणित और विज्ञान जैसे विषयों में कई बार छात्र पूरा सवाल सही तरीके से हल कर लेते हैं, लेकिन अंतिम जोड़-घटाव या छोटे से गणितीय चरण में गलती हो जाने से उत्तर गलत हो जाता है। पहले ऐसी स्थिति में पूरे अंक कट जाते थे, लेकिन अब सही प्रक्रिया अपनाने पर आंशिक अंक मिल सकेंगे। इतना ही नहीं मूल्यांकन केंद्र पर प्रतिदिन जांची गई कॉपियों में से 15 प्रतिशत कॉपियों की रैंडम चेकिंग भी कराई जाएगी। इसके लिए विषयवार अंकेक्षक नामित किए जाएंगे। जो दो-दो के समूह में कॉपियों का परीक्षण करेंगे। यदि जांच के दौरान त्रुटियां सामने आती हैं तो अंकेक्षक उपप्रधान और संबंधित परीक्षक के साथ मिलकर उन्हें ठीक कराएंगे। साथ ही लापरवाही पाए जाने पर संबंधित परीक्षक के पारिश्रमिक में कटौती का प्रावधान भी रखा गया है।

बोर्ड की ओर से दिए गए निर्देशानुसार मूल्यांकन की तैयारियां शुरु कर दी गई है। जिले में दो केंद्र बनाए गए हैं। जहां हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की कॉपियों का मूल्यांकन होगा। शासन की गाइडलाइन के अनुसार ही मूल्यांकन कराया जाएगा। – **राजीव कुमार सिंह,** डीआईओएस

# नाबालिग से छेड़छाड़ करने वाले को तीन साल की कैद

**विधि संवाददाता, पीलीभीत**

- पूरनपुर क्षेत्र में हुई थी घटना न्यायालय ने सुनाया फैसला
- दोषी को दस हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया

**अमृत विचार:** नाबालिग से छेड़छाड़ के पांच साल पुराने मामले में न्यायालय ने फैसला सुनाया। इस मुकदमे की सुनवाई के बाद विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट गीता सिंह ने आरोपी को दोषी पाते हुए तीन साल कैद और दस हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है। अभियोजन पक्ष से पैरवी विशेष लोक अभियोजक अनिल कुमार शर्मा ने की।

पूरनपुर कोतवाली में दी गई तहरीर में क्षेत्र के एक ग्रामीण ने बताया था कि उसकी नाबालिग पौत्री 11 अक्टूबर 2021 को अपने खेत के पास गोबर डालने के लिए गई थी। इस दौरान वहां पहले से घात लगाए बैठे गांव के ही छोटेलाल पुत्र इतवारी ने पौत्री को पकड़ लिया और गन्ने के खेत में खींचने की कोशिश की। पौत्री के शोर मचाया और बमुश्किल छूटकर घर पहुंची। परिवार को पूरी बात बताई। आरोप था कि एक माह पूर्व भी आरोपी इस तरह की हरकत कर चुका था। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना के बाद चार्जशीट न्यायालय में दाखिल कर दी। मुकदमे की सुनवाई विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट गीता सिंह की अदालत में हुई। दोनों पक्षों को सुनने और पत्रावली का परिशीलन करने के बाद न्यायालय ने आरोपी छोटेलासल को नाबालिग से छेड़छाड़ का दोषी पाते हुए तीन साल कैद और दस हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है।

# रितेश शुक्ला ने पाया मुकाम, बढ़ाया मान

**कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत**

**अमृत विचार :** छोटे से गांव घुंघचाई से निकलकर रितेश शुक्ला ने अपनी मेहनत और प्रतिभा के बल पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नाम रोशन किया। वह नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया इंटरनेशनल के सीईओ और ग्लोबल हेड हैं।

रितेश शुक्ला का जन्म जिले के पूरनपुर तहसील क्षेत्र के गांव घुंघचाई में हुआ था। उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा अपने पैतृक गांव में ही प्राप्त की। इसके बाद, उन्होंने कक्षा 6 से 12 तक की शिक्षा बिरला मंदिर, रानीखेत से पूर्ण की।

इलाहाबाद विश्वविद्यालय से बीकॉम किया और फिर दिल्ली के फोर्ड स्कूल ऑफ मैनेजमेंट से एमबीए की डिग्री हासिल की। रितेश शुक्ला की इस उपलब्धि से परिवार ही नहीं, गांव में खुशी की लहर है। उनके परिवार का मानना है कि रितेश ने न केवल अपने परिवार और गांव का नाम रोशन किया है, बल्कि वे विकसित देशों के साथ भारत की डिजिटल तकनीक को साझा करने में मुख्य सूत्रधार की भूमिका निभा रहे हैं। हाल ही में, मुंबई में आयोजित एक उच्च स्तरीय बैठक के दौरान रितेश शुक्ला ने कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी से भेंट की। इस दौरान, उन्होंने भारत के डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर और यूपीआई की वैश्विक स्वीकार्यता, वित्तीय समावेशन और भुगतान प्रणालियों के लोकतंत्रीकरण पर विस्तार से चर्चा की। उनके परिवार के पीयूष शुक्ला, एडवोकेट, प्रशांत शुक्ला, सिद्धार्थ शुक्ला, धीरज शुक्ला ने इस पर गर्व जताते हुए बधाइयां दी हैं।



कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी संग रितेश शुक्ला। ● अमृत विचार

- नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया इंटरनेशनल के सीईओ और ग्लोबल हेड हैं रितेश

## विधिक साक्षरता शिविर का हुआ आयोजन

**पीलीभीत, अमृत विचार:** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष/जिला जज रविंद्र कुमार के निर्देशानुसार विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान लोगों को लोक अदालत में मिलने वाले लाभों और 14 मार्च को आयोजित होने वाली लोक अदालत के बारे में बताया।तहसील सदर के अंतर्गत अंकुर राइस मिल में गुरुवार को आयोजित हुए विधिक साक्षरता शिविर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पूर्णकालिक सचिव सतीश के द्वारा सहभागिता की गई। उन्होंने विभाग में संचालित योजनाओं की जानकारी देने के साथ 14 मार्च को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में विस्तृत जानकारी दी। एसआई मोनिका चौधरी, एलएडीसीएस चीफ सुमन गुप्ता, पीएलवी मनोज कुमार शर्मा, बाल कल्याण समिति की सदस्य बबीता सक्सेना, परवेज हनीफ आदि मौजूद रहे।

# पुत्र होने की दवा देने के बहाने विवाहिता से किया दुष्कर्म

**कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत**

- घुंघचिहाई थाना क्षेत्र में हुई घटना आरोपी पुलिस हिरासत में

**अमृत विचार:** पुत्र के जन्म होने की दवा देने के बहाने एक आरोपी विवाहिता को अपने रिश्तेदार के घर ले गया और फिर दुष्कर्म किया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को हिरासत में लिया है।

घटना घुंघचिहाई क्षेत्र की है। क्षेत्र के एक ग्रामीण ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह अपनी 23 वर्षीय पत्नी को सास के साथ ग्राम बलरामपुर निवासी बाबा भगवानदीन पुत्र पूरनलाल के पास घर पर लेकर गए थे। पत्नी को पुत्र की प्राप्ति होने का झांसा देते हुए आरोपी ने दवा देने की बात कही थी। आरोप है कि 11 मार्च को सुबह करीब 11 बजे वह गए थे। आरोप है कि पहले आरोपी ने पूजा पाठ कराई। इसके बाद दवा देने के बहाने ग्राम बिलंदपुर अशोक में वीर सहाय के घर लेकर गया। वहां परिवार के सदस्यों को घर के बाहर कर दिया। पीड़ित की पत्नी को कमरे में ले जाकर दवा देने के बहाने जबरन दुष्कर्म किया। किसी तरह पीड़िता को बचाकर वह लाए। पुलिस ने मामले में नामजद रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की। फील्ड यूनिट टीम को भी घटनास्थल पर बुलाकर सुरागरसी की गई। फिलहाल आरोपी को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। सीओ पूरनपुर डॉ. प्रतीक दहिया ने बताया कि इस मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। आरोपी भगवान दीन को हिरासत में लिया है। जांच में सामने आया है कि आरोपी चार-पांच साल से दवा देता था। आरोपी विवाहित है। मामले में कार्रवाई की जा रही है।

ROHILKHAND CANCER INSTITUTE
200 बेड का आधुनिक कैंसर हॉस्पिटल पिछले 5 साल से आप के बीच में
कैंसर की सम्पूर्ण देखभाल एक ही छत के नीचे
बरेली का एकमात्र PET CT
पूरे शरीर का रंगीन सीटी, कैंसर की स्टेज जानने के लिए
हमारी सेवाएं
सर्जिकल ऑन्कोलॉजी
रेडिएशन ऑन्कोलॉजी
डे केयर थेरेपी
इम्यूनोथेरेपी
कैंसर आईसीयू
फ्रोजन सेक्शन और इम्यूनोहिस्टोकेमिस्ट्री
मैमोग्राफी
कैंसर के रोकथाम की ओपीडी
इण्टरवेंशनल रेडियोलॉजी
Pradhan Mantri Jan Arogya Yojana Ayushman Bharat PM-JAY
प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के अन्तर्गत पाँच लाख तक का इलाज मुफ्त
Call to find out more 9582831744, 9258116087 8679315050, 8679415050
www.rohilkhandcancerinstitute.com
रोहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल कैम्पस सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

# चार पालियों में होगी पुलिस की लिखित परीक्षा

## परीक्षा के लिए शहर में बनाए गए छह केंद्र, तैयारी में जुटा पुलिस-प्रशासन

- 250 से अधिक कक्ष निरीक्षक संभालेंगे कमान, अफसरों ने किया निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



परीक्षा केंद्रों की व्यवस्थाएं परखते एडीएम, एएसपी और सीओ सिटी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** उपनिरीक्षक (दरोगा) पुलिस पद पर भर्ती की लिखित परीक्षा शहर के छह कॉलेजों में होगी। 14 व 15 मार्च को होने वाली परीक्षा में 2880 अभ्यर्थी प्रतिभाग करेंगे। इसको लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई है। निगरानी के लिए केंद्रों पर स्टैटिक मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है। पहले दिन 1440 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। समस्त परीक्षा केंद्रों पर छह पुलिसकर्मियों की ड्यूटी रहेगी। नकलविहीन परीक्षा कराने के लिए सचल दल भी बनाए गए हैं। परीक्षा की निगरानी सीसीटीवी से कराई जाएगी।

उप्र पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड लखनऊ द्वारा जिले में उपनिरीक्षक (दरोगा) की लिखित परीक्षा शनिवार और रविवार को होनी हैं। यह परीक्षा चार पालियों में होगी, इसके लिए जिले में छह केंद्र बनाए गए हैं। जिसमें ड्रमंड राजकीय इंटर कॉलेज, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, सनातन धर्म बांके बिहारी राम इंटर कॉलेज, उपाधि महाविद्यालय, राजकीय पॉलिटेक्निक और एसएन इंटर कॉलेज शामिल हैं। प्रत्येक केंद्र पर 240 अभ्यर्थी निर्धारित किए गए हैं, जबकि छह केंद्रों पर एक पाली में 1440 अभ्यर्थी शामिल होंगे। इसी तरह अगले दिन यानी 15 मार्च को भी यही स्थिति रहेगी। पहली पाली सुबह 10 से 12 बजे तक होगी। द्वितीय तीन बजे से पांच बजे तक चलेगी। परीक्षा को लेकर जिले के अलावा भर्ती बोर्ड मुख्यालय में भी कंट्रोल रूम बनाए गए हैं, जहां परीक्षा केंद्रों की रियल टाइम मॉनिटरिंग की जाएगी। परीक्षा केंद्रों पर लगाए गए सीसीटीवी की लाइव फीड सीधे कंट्रोल रूम को मिलेगी, जिससे अभ्यर्थियों की पहचान के साथ परीक्षा के दौरान उनके व्यवहार को भी जांचा जा सकेगा। इसके अतिरिक्त जिला प्रशासन ने सभी केंद्रों पर केंद्र व्यवस्थापक के साथ स्टैटिक मजिस्ट्रेट तैनात किए गए हैं। निगरानी के लिए सचल दल का भी गठन किया गया है। प्रति केंद्र पर एक सेक्टर मजिस्ट्रेट की भी तैनाती की गई है। सभी केंद्रों पर एक दिन पहले सारी व्यवस्थाएं दुरुस्त कर दी गई है। ताकि परीक्षा के दौरान किसी तरह समस्या न पैदा हो। परीक्षा केंद्र पर पहुंचने पर, अभ्यर्थी को प्रवेश पत्र और मूल पहचान पत्र के सत्यापन के बाद ही केंद्र में प्रवेश की अनुमति दी जाएगी। साथ ही अभ्यर्थी का बायोमेट्रिक/आइरिस और फोटोग्राफ भी लिया जाएगा। बोर्ड ने अभ्यार्थियों का परीक्षा शुरु होने से दो घंटा पहले पहुंचने के निर्देश दिए हैं।ताकि चेकिंग के बाद उन्हें प्रवेश दिया जा सके। प्रत्येक केंद्र पर पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। साथ ही एडीएम न्यायिक रोशनी यादव, एएसपी इसकी समीक्षा करेंगे। एएसपी विक्रम दहिया, सीओ सिटी दीपक चतुर्वेदी ने परीक्षा केंद्रों पर पहुंचकर गुरुवार को भी व्यवस्थाएं परखीं।

पुलिस भर्ती प्रवेश परीक्षा के लिए माध्यमिक और बेसिक शिक्षक-शिक्षिकाओं की ड्यूटी कक्ष निरीक्षक के तौर पर लगाई गई है। जिसमें करीब 250 शिक्षकों की ड्यूटी लगाई गई है। इनमें 107 शिक्षकों की ड्यूटी डीएम की ओर से लगाई गई है। इसके अलावा स्कूलों के भी शिक्षक शामिल है। इनमें कुछ को रिजर्व रखा जाएगा। 24 अभ्यर्थी पर एक शिक्षक का मानक तय किया गया है। कक्ष निरीक्षकों को भी कक्ष में मोबाइल ले जाने पर प्रतिबंध रहेगा।

### इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स पर रहेगा प्रतिबंध

पुलिस की लिखित परीक्षा के दौरान अभ्यर्थियों के लिए इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स ले जाने पर प्रतिबंध रहेगा। गाइडलाइन के अनुसार अभ्यार्थी को अपना मोबाइल,घड़ी, एटीएम कार्ड, जैसे उपकरणों को बाहर ही छोड़ना पड़ेगा। अगर चेकिंग में किसी के पास कोई इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स पाया जाता है। वहां संबंधित ड्यूटी कर्मचारी के खिलाफ कार्रवाई भी की जाएगी।

### एडमिट कार्ड के साथ दिखानी होगी आईडी

पुलिस परीक्षा के दौरान अभ्यार्थियों को एडमिट कार्ड के साथ एक आईडी प्रूफ देना होगा। जिसमें गाइडलाइन के अनुसार अभ्यर्थी फोटो पहचान पत्र के रुप में मूल आधार कार्ड लाएं। फोटो पहचान पत्र के रुप में मूल पैन कार्ड/पासपोर्ट/ड्राइविंग लाइसेंस /ई-आधार की हार्ड कॉपी भी अनुमान्य रहेगी। वैध/अनुमान्य फोटो पहचान पत्र के बिना, अभ्यर्थी को परीक्षा के लिए अनुमति नहीं दी जाएगी। कोई अन्य पहचान पत्र स्वीकार नहीं किया जाएगा।

# अब शासन की टीम करेगी जांच, खुलेंगे कई राज

**एक करोड़ का घोटाला**

- अपर शिक्षा निदेशक प्रयागराज कमेटी के अध्यक्ष, वित्त नियंत्रक प्रयागराज और संयुक्त शिक्षा निदेशक बरेली भी शामिल

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** डीआईओएस कार्यालय में नियम विरुद्ध तरीके से बाबूगिरी कर रहे बीसलपुर के इंटर कॉलेज के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी इल्हाम उर्रहमान शम्सी द्वारा जालसाजी कर किए गए सरकारी धन के एक करोड़ से अधिक के घोटाले की परतें अब खुल सकेंगी। शासन स्तर से पूरे मामले की जांच के लिए विशेष समिति गठित कर दी गई है। इसकी अध्यक्षता अपर शिक्षा निदेशक प्रयागराज करेंगे जबकि समिति में वित्त नियंत्रक प्रयागराज और संयुक्त शिक्षा निदेशक बरेली मंडल कार्यालय के वित्त एवं लेखा अधिकारी को सदस्य के तौर पर शामिल किया गया है।

बता दें कि बीसलपुर के जनता इंटर कालेज का चपरासी इल्हाम उर्रहमान शम्सी लंबे समय से नियम विरुद्ध तरीके से डीआइओएस दफ्तर में बाबूगिरी करते हुए महत्वपूर्ण पटलों का कार्य संभाल रहा था। उसकी कई बार शिकायतें हुई लेकिन दबा दी गई थी। बीते दिनों बैंक की सतर्कता से सामने आया कि इल्हाम ने अपनी पत्नी अर्शी खातून के बैंक खाते में एक करोड़ से अधिक की शिक्षकों के वेतन मद की धनराशि स्थानांतरित कर दी। मुख्य आरोपी इल्हाम हत्थे नहीं चढ़ सका है। एक दिन पूर्व उसकी अग्रिम जमानत याचिका भी खारिज की जा चुकी है। डीएम ज्ञानेंद्र सिंह के निर्देश पर सीडीओ की अध्यक्षता में कमेटी ने जांच की थी। जिसमें आरोप तय हुए थे। डीआइओएस को कार्यों में लापरवाही का दोषी माना गया था। हालांकि उन पर अभी कोई एक्शन नहीं हो सका है। कई अन्य खाते भी संदिग्ध के तौर पर सामने आए हैं, जिनमें लेनदेन किया गया है। ऐसे में उनको भी फ्रीज करने के आदेश कर दिए गए थे। ये मामला एक बड़े घोटाले की ओर इशारा कर चुका है। इधर, डीएम की ओर से भेजी गई रिपोर्ट का संज्ञान लेते हुए शासन ने वित्तीय अनियमितताओं और सरकारी खजाने में सेंधमारी की गहनता से जांच कराने का निर्णय लिया है। इसके लिए जांच समिति गठित की गई है। इस विशेष जांच समिति की अध्यक्षता अपर शिक्षा निदेशक प्रयागराज को सौंपी गई है। समिति में वित्त नियंत्रक प्रयागराज और संयुक्त शिक्षा निदेशक बरेली मंडल कार्यालय के वित्त एवं लेखा अधिकारी को बतौर सदस्य नामित किया गया है। माना जा रहा है कि इस प्रकरण में कई परतें खुल सकेंगी।

# भारतीय संस्कृति से ही है हमारी पहचान : सोपोरी



पंडित सोपोरी समेत टीम के साथ पुष्प इंस्टीट्यूट की टीम। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

अमृत विचार : पुष्प इंस्टीट्यूट में सोसायटी फॉर द प्रमोशन ऑफ इंडियन क्लासिकल म्यूजिक एंड कल्चर अमंगस्ट यूथ स्पिक मैके के तत्वाधान में संगीत समारोह का आयोजन किया गया। इसमें संतूर वादक पंडित अभय रुस्तम सोपोरी ने प्रस्तुति दी।

युवाओं के बीच शास्त्रीय संगीत, लोक कला व संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किए गए कार्यक्रम में सोपोरी ने संतूर के द्वारा अलाप, जोड़, झाला, पखावज व तबले के साथ संगत प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनके साथ आए तबला वादक उजीत उदय कुमार, पखावज वादक चंचल सिंह व तानपुरा वादक पौशाली दत्ता की संगत ने समां बांध दिया। पंडित सोपोरी ने छात्र-छात्राओं को भारतीय संस्कृति के अमूर्त पहलुओं, मूल्यों, शिल्प लोक कला व शास्त्रीय कला से परिचित कराया। कहा कि हमारी पहचान भारतीय संस्कृति से ही है और रचनात्मकता से आई कोई भी कला गलत नहीं हो सकती। सबका अपना-अपना उद्देश्य होता है। अन्त में महाविद्यालय के निदेशक अनुज भटनागर ने मुख्य अतिथियों का आभार व्यक्त कर स्मृति चिन्ह भेंट किया।

# शिविर में लोगों को स्वास्थ्य के साथ दी विधिक जानकारी

- निशक्तजन सेवा संस्थान की ओर से आयोजित किया शिविर

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



शिविर में विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव सतीश कुमार, निशक्तजन सेवा संस्थान अध्यक्ष अमृतलाल व अन्य। ● अमृत विचार



शिविर में महिला की कान की जांच करते डॉक्टर। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** निशक्तजन सेवा संस्थान की ओर से हर माह की 12 तारीख को आयोजित किए जाने वाले निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में अब विधिक सहायता भी मुहैया हो सकेगी। स्वास्थ्य के साथ ही विधिक सहायता भी निशुल्क पा सकेंगे। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सहभागिता से इसे संपन्न कराया जाएगा।

इसी क्रम में गुरुवार को स्वास्थ्य के साथ ही विधिक सहायता शिविर लगाया गया। इसकी शुरुआत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं सिविल जज (सीनियर डिवीजन) सतीश कुमार ने कराई। क्रांतिकारी विचार मंच के देव स्वरूप पटेल ने अतिथि का स्वागत किया। बाल कल्याण समिति के सदस्य परवेज़ हनीफ व बबिता सक्सेना भी शामिल हुए। लोगों को कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। संचालन चिरंजीव गौड़ द्वारा किया गया। मोहम्मद असलम, अनिल गुप्ता,राजेन्द्र सक्सेना, डॉ. प्रेम सागर शर्मा, परमजीत कौर, हीमोफिलिया सोसाइटी की अध्यक्ष कविता वंशवाल, कामिल खान, सचिव अनिल कमल आदि रहे।

### 193 मरीजों ने उठाया लाभ, 25 को मिली कान की मशीन

शिविर के दौरान 193 मरीजों का पंजीकरण किया गया। रूहेलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल बरेली से आए विशेषज्ञ चिकित्सकों ने मरीजों की जांच की। 29 मरीजों में मोतियाबिंद की पुष्टि हुई, जिन्हें संस्थान द्वारा बस से निशुल्क ऑपरेशन के लिए बरेली रवाना किया गया। हृदय रोगियों के लिए ईसीजी, ब्लड शुगर और ब्लड प्रेशर की जांच कर दवाइयां वितरित की गई। पैरों के दर्द से ग्रसित 100 मरीजों को दवा , 25 दिव्यांगों को कान की मशीनें वितरित की गईं। पांच ऐसे मरीजों का पंजीकरण किया गया, जिनके हाथ कटे हुए थे।उन्हे बैटरी चालित हाथ लगाए जाएंगे। संस्था अध्यक्ष अमृतलाल ने बताया कि बैटरी चालित हाथ लगाने के लिए पंजीकरण चल रहे हैं। अभी तक 40 दिव्यांगों के रजिस्ट्रेशन किये जा चुके हैं। 100 दिव्यांगों के रजिस्ट्रेशन होते ही कैंप का आयोजन किया जाएगा।

# नदी में डूबे किसान का नहीं लगा सुराग

**सिधौली, अमृत विचार :** गांव महाऊ दुर्ग निवासी 45 वर्षीय रामसेवक उर्फ सुखदेव ने गाँव के दक्षिण से निकली खन्नौत नदी के किनारे स्थित खेत में फसल की रखवाली करने पत्नी सुनीता के साथ खेत पर आ गए थे। सुनीता के अनुसार बुधवार की सुबह चार बजे वह खन्नौत नदी में पानी पीने के लिए चले गए। जिसके बाद उनका कोई पता नही लगा। ग्रामीणों के अनुसार खेत के समीप नदी की गहराई बहुत ज्यादा है। पैर फिसलने से डूब जाने की आशंका जताते हुए स्वजन ने पुलिस को सूचना दी। प्रभारी निरीक्षक रविन्द्र सिंह ने एसडीआरएफ की टीम को मौके पर बुलाया और तलाश शुरू करायी गयी।

# सड़क दुर्घटनाओं में ठेकेदार समेत चार की मौत

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** जिले में अलग-अलग स्थानों पर सड़क दुर्घटनाओं में ठेकेदार समेत चार लोगों की मौत हो गई। मदनापुर क्षेत्र में ठेकेदार, रामचंद्र मिशन क्षेत्र में सराफा व्यापारी, पसगवां क्षेत्र में युवक और अल्हागंज में किशोर की मौत हो गई है।

मदनापुर थाना क्षेत्र के गांव बिनौरा निवासी 30 वर्षीय अमरपाल उर्फ भूरे बिजनौर में ठेकेदारी का काम करते थे। बुधवार की देर रात वह बिजनौर से मीरानपुर कटरा बस से बस अड्डे पर पहुंचे। कटरा में सवारी न मिलने के कारण उन्होंने कटरा में अपने मित्र की बाइक ली। वह देर रात बाइक से कटरा से मदनापुर जा रहे थे। जलालाबाद-कटरा रोडपर रजपुरा गांव के सामने डीसीएम ने बाइक को टक्कर मार दी। इससे बाइक पर सवार ठेकेदार अमरपाल घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर मदनापुर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घायल ठेकेदार को सीएचसी मदनापुर भेज दिया। यहां डॉक्टर ने ठेकेदार को मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर परिवार वाले पहुंच गए। पुलिस ने क्षतिग्रस्त बाइक को कब्जे में ले लिया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### ट्रक और कार की टक्कर में व्यापारी की जान गई

**शाहजहांपुर/रौसर कोठी :** हरदोई के शाहाबाद थाना क्षेत्र के पठकाना निवासी 45 वर्षीय दीपक मिश्रा सराफा कारोबारी करते थे। बुधवार की शाम सराफा व्यापारी बरेली मोड़ पर अपने निर्माणाधीन मकान को देखने के लिए कार से आए थे। देर रात वह बरेली से हरदोई कार से जा रहे थे। हरदोई रोड पर रिलायंस गेट के सामने कैप्सूल ट्रक ने उनकी कार को टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गए। कार क्षतिग्रस्त हो गयी। सूचना पर रामचंद्र मिशन थाना की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने लोगों की मदद से सराफा व्यापारी को कार से बमुश्किल से बाहर निकाला। उनके परिवार वालों को सूचना दी। पुलिस ने घायल सराफा व्यापारी को मेडिकल कॉलेज भेज दिया। यहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिवार वाले देर रात मेडिकल कॉलेज पहुंच गए। दीपक की मौत से उनकी पत्नी वर्षा, बेटी आध्या और बेटे आर्नव का रो-रोकर बुरा हाल है। चालक ट्रक छोड़कर भाग गया। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में ले लिया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

**ट्रैक्टर ट्राली ने बाइक में मारी टक्कर :** अल्हागंज थाना क्षेत्र के गांव चंपतपुर निवासी 16 वर्षीय शिवा अपने दोस्त विनय व अमित के साथ अपने फूफा की बाइक लेकर बुधवार की शाम कस्बे में नुमाइश देखने के लिए गए। तीनों लोग रात 8 बजे नुमाइश देखकर बाइक से अपने गांव लौट रहे थे। हुल्लापुर गांव के समाने ट्रैक्टर-ट्राली ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार घायल हो गया। बाइक क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिस मौके पर पहुंची और तीनों घायलों को सीएचसी पर भेज दिया। डॉक्टर ने शिवा को मृत घोषित कर दिया। चालक ट्रैक्टर-ट्राली छोड़कर भाग गया। मृतक शिवा तीन भाइयों में बड़ा था। मौत की खबर से परिवार में रोना पीटना मच गया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

फोकस नेत्रालय
राजेन्द्र नगर, बरेली 731-098-7005

बरेली का सबसे बड़ा केवल आँखों के लिए समर्पित प्राइवेट अस्पताल ...
नवीनतम AI तकनीक एवं NABH मान्यता के साथ
● 40,000 से अधिक सफल सर्जरी सम्पन्न
● बिना इंजेक्शन एनेस्थीसिया (केवल आई ड्राप्स द्वारा)
● आयुष्मान/सीजीएचएस/ईसीएचएस/सीएपीएफ सभी स्वास्थ्य बीमा मान्य
● कैशलेस ईलाज

स्वास्थ्य जागरूकता अभियान
नि : शुल्क परामर्श
महीने के प्रत्येक रविवार को
समय : सुबह 10 से 5 बजे तक
कैम्प में समस्त ब्लड जाँचें, ई.सी.जी., एक्स-रे 50% के छूट पर किये जायेंगे।
रजिस्ट्रेशन शुल्क 20/-
प्रेमलोक हॉस्पिटल नरियावल अड्डा, शाहजहाँपुर रोड, बरेली।
डॉ. दीपक माहेश्वरी MBBS., MD, Consultant Physucuan & Critical Care Specialist
ब्लड प्रेशर, हृदय रोग श्वांस रोग, गम्भीर रोग विशेषज्ञ
9084307201, 9412244430
डॉ. नितिन अग्रवाल हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777


डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
● प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP) ● गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL) ● गुर्दे की नली (यूरेटस) की पथरी का ऑपरेशन (URSC) ● पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
कैशलेस, इंश्योरेंस, TPA व ESI आयुष्मान से अनुबन्धित अस्पताल
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
हेल्पलाईन 9897838286, 9837549348

# जतीपुर में दो पक्षों में मारपीट, सांप्रदायिक रंग देने की कोशिश

- जिला अस्पताल में भर्ती किए जाने को लेकर किया हंगामा
- दो थानों की पुलिस के साथ पहुंचीं सीओ सदर

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



जिला अस्पताल में संगठन के कार्यकर्ताओं और सीएमएस में होती बहस। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** जहानाबाद के जतीपुर गांव में दो पक्षों में मारपीट हो गई। दोनों के अलग समुदाय से होने के चलते सांप्रदायिक रंग देने की कोशिश की गई। विभिन्न संगठनों से जुड़े कार्यकर्ता भी पहुंच गए और फिर जिला अस्पताल में भर्ती किए जाने को लेकर भी हंगामा हो गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

घटना जहानाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम जतीपुर में हुई। बताते हैं कि गांव के ही महेंद्रपाल का गुरुवार को दूसरे समुदाय के कुछ युवकों से विवाद हो गया था। इसमें मारपीट हुई। आरोप है कि महेंद्रपाल की आरोपियों ने पिटाई कर दी। दोपहर में दोनों पक्ष पुलिस चौकी जा रहे थे। मगर, रास्ते से ही वापस आने लगे। इस बीच आरोपियों ने महेंद्रपाल को घेरकर दोबारा पिटाई कर दी। बचाने आए लोगों को भी हमला करके पीटा गया। जिसमें महेंद्रपाल गंभीर रूप से घायल हो गए। मामला दो समुदायों से जुड़ा होने के चलते सांप्रदायिक रंग दिया जाने लगा। इसे लेकर तनाव के हालात बन गए। ग्रामीण व परिवार वाले घायलों को लेकर जिला अस्पताल आ गए। यहां पर अस्पताल में भर्ती किए जाने को लेकर परिवार वालों और ग्रामीणों की स्वास्थ्यकर्मियों से बहस हो गई। जानकारी मिलने पर हनुमान दल समेत अन्य के कार्यकर्ता भी पहुंच गए। सीएमएस डॉ.रमाकांत सागर भी मौजूद थे। कार्यकर्ताओं की सीएमएस से नोकझोंक हो गई। जिसके चलते काफी देर तक हंगामा चलता रहा। उधर, तनाव को देखते हुए पुलिस ने गांव में सुरक्षा बढ़ा दी।

मेडिकल कॉलेज से संबद्ध जिला अस्पताल में सीओ सदर नताशा गोयल भी दो थानों की पुलिस के साथ पहुंच गई और घायल के परिवार वालों को कार्रवाई का आश्वासन देकर शांत कराया जाता रहा। फिलहाल घायल को परिवार वालों ने बाद में निजी अस्पताल भर्ती करा दिया है। इंस्पेक्टर जहानाबाद प्रदीप कुमार बिश्नोई का कहना है कि दो पक्षों में मारपीट हुई है। मामले की जांच कराई जा रही है।



**इफ्तार** शुक्रवार
सुन्नी : 6:16
शिया : 6:17

**सहरी** शनिवार
सुन्नी : 4:52
शिया : 4:53

## न्यूज ब्रीफ

### कालिकापुरवा में छत से गिरकर महिला की मौत

**लखीमपुर खीरी। अमृत विचार :** थाना शारदानगर क्षेत्र के गांव कालिकापुरवा निवासी मंगूलाल की 52 वर्षीय पत्नी आशा देवी बुधवार की शाम किसी काम छत पर गई थी। बताते हैं कि इसके बाद वह अचानक छत से नीचे गिर गई। घटना की जानकारी होने पर परिजन उन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डाक्टरों ने आशा देवी को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### मनरेगा की दिहाड़ी न मिलने पर दी तहरीर

**गोला गोकर्णनाथ। अमृत विचार :** हैदराबाद थाना क्षेत्र के गांव धरथनिया निवासी फरहान ने बताया कि वह हेअर कटिंग की दुकान में काम करता है। उसका मनरेगा का जॉब कार्ड है। आरोप है कि ग्राम प्रधान पुत्र ने पिछले वर्ष बिना बताये मनरेगा का रुपया उसके खाता में भिजवा दिया, जो उसने जरूरत पड़ने पर खर्च कर दिया। 11 मार्च बुधवार को प्रधान पुत्र ने उनसे रुपया देने की बात कही। उसने कहा कि रुपया लौटा देंगे। आरोप लगाया कि प्रधान पुत्र ने रुपया तुरंत न देने पर उसे मारा पीटा। उसने तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

### लाठी से हमला कर युवक को घायल किया

**लखीमपुर खीरी। अमृत विचार :** कोतवाली धौरहरा क्षेत्र के मोहल्ला शुक्ला वार्ड आदर्श नगर निवासी अंकित तिवारी ने बताया कि बुधवार की रात करीब नौ बजे उसके पड़ोसी कृष्ण कुमार और उनका पुत्र सर्वेश कुमार अचानक पीछे से आए और उसके भाई सत्या तिवारी पर लाठी से हमला कर दिया। आरोप है कि दोनों ने गाली-गलौज करते हुए सत्या तिवारी के सिर पर कई वार किए, जिससे वह घायल हो गया। घटना के दौरान मौके पर मौजूद पड़ोसी अजय अवस्थी ने भी पूरी घटना देखी। आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर घायल को अस्पताल में भर्ती कराया है।

# महंगे दामों में बिक रहे गैस सिलेंडर, एजेंसियों पर भीड़

## होटल-ढाबा संचालक अधिक रुपये देकर सिलेंडर खरीदने को मजबूर, जल्द समाधान न हुआ तो बंद होगा कारोबार



गोला गैस एजेंसी पर बुकिंग कराने के लिए उपभोक्ताओं की लगी भीड़। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- ईरान-इजरायल युद्ध के असर से गैस सप्लाई प्रभावित

**अमृत विचार:** अमेरिका-इस्राइल और ईरान के बीच चल रहे युद्ध का असर अब जिले में एलपीजी गैस की सप्लाई पर दिखाई देने लगा है। सुबह से ही गैस एजेंसियों पर लाइनें लग रही हैं। गैस सिलेंडर की बुकिंग प्रभावित होने से बाजार में कालाबाजारी शुरू हो गई है। हालांकि प्रशासन का दावा है कि जिले में पर्याप्त मात्रा में गैस उपलब्ध है।

गैस बुकिंग और वितरण संबंधी नियम बनाए जाने से सबसे ज्यादा परेशानी होटल, ढाबा और हलवाई का काम करने वाले लोगों को हो रही है। उन्हें मजबूरी में महंगे दामों पर सिलेंडर खरीदने पड़ रहे हैं। कई संचालकों का कहना है कि यदि जल्द ही समस्या का समाधान नहीं हुआ तो उन्हें अपने होटल और ढाबे बंद करने पड़ सकते हैं। एलआरपी बाईपास पर होटल चलाने वाले मुन्ना और रमेश का कहना है कि पिछले कई दिनों से व्यवसायिक सिलेंडर आसानी से नहीं मिल रहे थे। मजबूरी में उन्हें अधिक दामों में सिलेंडर खरीदना पड़ा। गुड्डू और सोहेल ने बताया कि वह गढ़ी रोड से अधिक कीमत चुकाकर घरेलू और व्यवसायिक सिलेंडर खरीद चुके हैं। वहीं, व्यवसायिक सिलेंडरों की कमी का असर हलवाई की दुकानों और ढाबों पर साफ नजर आने लगा है। दुकानदारों का कहना है कि यदि जल्दी ही स्थिति सामान्य नहीं हुई तो उन्हें पुराने समय की तरह लकड़ी या कोयले की भट्टियां जलानी पड़ेंगी।

## गोला में बुकिंग न हो पाने से परेशानी, सर्वर ठप

गोला गोकर्णनाथ

नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में रसोई गैस की बुकिंग बाधित होने से उपभोक्ताओं में परेशानी बढ़ गई है। शादी-विवाह जैसे मांगलिक कार्यों के दौरान समय पर गैस रिफिल न मिलने से स्थिति और गंभीर होती जा रही है। गैस एजेंसियों पर बुकिंग कराने और सिलेंडर लेने के लिए लोगों की लंबी-लंबी लाइनें लग रही हैं।

ईरान-इजरायल युद्ध की चर्चाओं के बीच लोगों में गैस आपूर्ति को लेकर चिंता भी बढ़ी है। वहीं गैस बुकिंग की समय अवधि 25 दिन किए जाने से भी उपभोक्ताओं की दिक्कतें बढ़ गई हैं। गुरुवार को नगर और ग्रामीण क्षेत्रों की गैस एजेंसियों पर उपभोक्ताओं की लंबी कतारें देखी गईं। ऑनलाइन बुकिंग के दौरान सर्वर संबंधी समस्या के कारण उपभोक्ताओं के मोबाइल पर ओटीपी नहीं पहुंच रहा है और गैस आपूर्ति से जुड़ी जानकारी भी नहीं मिल पा रही है। इसके चलते बुकिंग प्रक्रिया पूरी नहीं हो पा रही और लोगों को रिफिल मिलने में काफी इंतजार करना पड़ रहा है। सिलेंडर न मिलने के कारण घरों में खाना बनाने और शादी समारोहों में भोजन की व्यवस्था करने में भी परेशानी हो रही है। उपभोक्ता लगातार बुकिंग के लिए कॉल कर रहे हैं, लेकिन उन्हें संतोषजनक जवाब नहीं मिल पा रहा है। गैस एजेंसियों ने बिना बुकिंग के सिलेंडर देने से मना कर दिया है, जिससे उपभोक्ताओं की मुश्किलें और बढ़ गई हैं

### प्रशासन ने जारी की एडवाइजरी

डीएसओ अंजनी कुमार सिंह ने एलपीजी उपभोक्ताओं से अपील की है कि गैस सिलेंडर रिफिल बुक कराने के लिए गैस एजेंसी या गोदाम पर आने की आवश्यकता नहीं है। अनावश्यक भीड़ से बचें और नीचे दिए माध्यमों से आप अपने घर से ही बुकिंग कर सकते हैं :

### गैस कंपनी -फोन कॉल से बुकिंग

- भारत गैस – 7715012345, 7718012345
- इंडेन गैस – 7718955555
- एचपी गैस – 8888823456

### मिस्ड कॉल से बुकिंग

- भारत गैस – 7710955555
- इंडेन गैस – 8454955555
- एचपी गैस – 9493602222

### व्हाट्सएप से बुकिंग

- भारत गैस – 1800224344
- इंडेन गैस – 7588888824
- एचपी गैस – 9222201122

### मोबाइल ऐप से बुकिंग

- भारत गैस हेलो बीपीसीएल
- इंडियन ऑयल वन
- एचपी पीएवाई

### ऑनलाइन माध्यम

पेटीएम, आमेजॉन, गूगल पे, फोन पे और संबंधित कंपनियों की वेबसाइट के माध्यम से भी बुकिंग की जा सकती है।

> गैस आपूर्ति में किसी प्रकार की कमी नहीं है। केवल सर्वर संबंधी समस्या के कारण बुकिंग नहीं हो पा रही है, जिससे उपभोक्ताओं को दिक्कत हो रही है। सरकार द्वारा बुकिंग की समय अवधि बढ़ाई गई है। गैस सिलेंडर पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं और आपूर्ति में कोई समस्या नहीं है। उपभोक्ताओं को किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान नहीं देना चाहिए।
>
> **-अतुल अग्रवाल,** प्रबंधक, गोला इंडेन गैस एजेंसी

## युवक ने खाया जहर अस्पताल में मौत

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार:** निघासन कस्बा निवासी एक युवक ने बुधवार शाम जहर खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे इलाज के लिए अस्पताल ले गए, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

सूचना मिलने पर पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। निघासन कस्बा निवासी कुंवर सिंह के 45 वर्षीय पुत्र दिनेश सिंह ने बुधवार की शाम अज्ञात कारणों के चलते जहर खा लिया। जब परिजनों को इसकी जानकारी हुई तो वे तुरंत दिनेश को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र निघासन लेकर पहुंचे।

वहां हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में इलाज के दौरान दिनेश सिंह ने दम तोड़ दिया। युवक की मौत से परिवार में कोहराम मच गया और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। परिवार वालों ने बताया कि करीब 15 वर्ष पहले दिनेश की आठ बीघा जमीन नदी में कटकर बह गई थी, जिसका मुआवजा भी उन्हें नहीं मिल सका। दिनेश अपने पीछे तीन बेटियां और एक छोटा बेटा छोड़ गया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है।

# विवाहिता की पीटकर हत्या, पति पर शराब के नशे में मार डालने का आरोप

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- चार साल पहले हुई थी शादी होली पर घर आया था पति

**अमृत विचार:** थाना भीरा क्षेत्र के गांव बैबहा में बुधवार की शाम एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही महिला के मायके वाले मौके पर पहुंच गए और उन्होंने महिला के पति पर शराब के नशे में पीट-पीटकर हत्या करने का आरोप लगाया है। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

थाना फरधान क्षेत्र के गांव दनियापुर निवासी अजय पाल सिंह ने अपनी बेटी मोहिनी की शादी करीब चार साल पहले भीरा थाना क्षेत्र के बैबहा गांव निवासी महिपाल के साथ पूरे रीति-रिवाज और धूमधाम से की थी। परिजनों का कहना है कि उन्होंने अपनी सामर्थ्य के अनुसार बेटी को दान-दहेज भी दिया था और शादी के बाद से ही वह अपने ससुराल में रह रही थी। बताया जाता है कि महिपाल दिल्ली की एक फैक्ट्री में काम करता है और होली के त्योहार पर कुछ दिन पहले ही घर आया था। मृतका के पिता अजयपाल सिंह का आरोप है कि बुधवार की शाम महिपाल शराब के नशे में घर पहुंचा और किसी बात को लेकर मोहिनी से विवाद करने लगा। आरोप है कि विवाद बढ़ने पर उसने मोहिनी के साथ मारपीट की, जिससे उसकी हालत बिगड़ गई और कुछ ही देर में उसकी मौत हो गई। घटना की खबर मिलते ही मायके पक्ष के लोग भी बैबहा गांव पहुंच गए। उन्होंने ससुराल पक्ष पर गंभीर आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की। घटना के बाद गांव में भी काफी देर तक चर्चा का माहौल बना रहा और लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस का कहना है कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा और उसी आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद मृतका के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। परिवार ने दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## दुधवा उपनिदेशक के स्टेनो रमेश कुमार बने एसो. के प्रदेश उपाध्यक्ष

**पलिया कलां, अमृत विचार:** दुधवा टाइगर रिजर्व प्रभाग पलिया के उपनिदेशक कार्यालय में कार्यरत वरिष्ठ सहायक एवं प्रधान लिपिक रमेश कुमार को फेडरेशन ऑफ फॉरेस्ट एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया है। इसकी जानकारी होने पर डीटीआर के सभी कर्मचारियों ने उन्हें बधाई दी है। वह दुधवा टाइगर रिजर्व प्रभाग की फेडरेशन ऑफ फारेस्ट एसोसिएशन में वरिष्ठ पदाधिकारी रहने के साथ 02 बार जिला मंत्री फॉरेस्ट मिनिस्टीरियल एसोसिएशन आदि के पद पर भी रह चुके हैं।



रमेश कुमार।

# टाई न पहनने पर शिक्षक ने छात्रों को पीटा

संवाददाता, निघासन

- दीवार से सिर लड़ाने का आरोप, हाथ में आई गंभीर चोट

**अमृत विचार:** ढखेरवा कस्बे के इंद्र बहादुर इंटर कॉलेज में टाई पहनकर न आने पर एक शिक्षक ने पांच छात्रों की कथित रूप से बेरहमी से पिटाई कर दी। आरोप है कि शिक्षक ने बच्चों का सिर दीवार से टकराया और डंडों से भी पीटा। मामले में अभिभावक ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

ढखेरवा चौराहा स्थित विद्यालय में कक्षा 7 के छात्र अमन राज, कृष्ण गोपाल, आदर्श समेत पांच छात्र टाई पहनकर स्कूल नहीं पहुंचे थे। आरोप है कि इस पर प्रधानाचार्य के सामने शिक्षक अभिषेक कुमार ने बच्चों की जमकर पिटाई कर दी। पिटाई में छात्र अमन के हाथ में चोट लग गई, जिसके बाद उसे उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया।



घायल छात्र अमन राज।

घटना की जानकारी मिलने पर छात्र के पिता राजेश कुमार विद्यालय पहुंचे और शिकायत की। आरोप है कि वहां मौजूद शिक्षिका बीना शर्मा ने अपनी गलती स्वीकार करने के बजाय अभिभावक से ही कहासुनी कर ली। इसके बाद राजेश कुमार ने थाना पढुवा पहुंचकर बीना शर्मा और अभिषेक कुमार के खिलाफ प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की। थाना प्रभारी ने मामले में जांच कर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है। छात्रों का आरोप है कि संबंधित शिक्षक पढ़ाई पर कम ध्यान देते हैं और टाई-बेल्ट जैसी बातों को लेकर अक्सर मारपीट करते हैं। बच्चों का कहना है कि कई बार उन्हें गर्दन पकड़कर झुकाया गया और कोहनियों व डंडों से भी मारा गया। आरोप यह भी है कि कुछ बच्चों का सिर दीवार से भी टकराया गया। परिजनों का कहना है कि विद्यालय में इस तरह की घटनाओं से बच्चों में डर का माहौल है। वहीं कुछ लोगों का आरोप है कि विद्यालय प्रबंधन की ओर से संबंधित शिक्षिका को संरक्षण मिलता है, जिसके कारण शिकायतों पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो पाती। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# जिनको कागजों में दिखाया मृतक, उन्हीं का अंगूठा लगाकर मिल रहा राशन

- नाबालिग बेटे का नाम शादी होने से बाहर विस्थापित होने से हटाया
- पत्नी के राशन कार्ड पर उपभोक्ता को मिल रहा एक यूनिट का राशन

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ



गोला में अपनी पत्नी और बेटे के साथ जिंदा जलज ऐरन। ● अमृत विचार



परिवार के सदस्यो का विवरण

| क्र. | सदस्य का नाम | जन्मतिथि | पिता/पति का नाम | मुखिया से सम्बन्ध | आधार संख्या |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बबिता ऐरन | 01-01-1980 | जलज ऐरन | स्वयं | XXXXXXXX 9388 |
| 2 | जलज ऐरन | 10-07-1979 | इंदु शेखर ऐरन | सौहर / पति | XXXXXXXX 6848 |
| 3 | कार्तिक ऐरन | 01-07-2009 | जलज ऐरन | बेटा | XXXXXXXX 8507 |

बबिता के नाम तीन यूनिट का राशन कार्ड।

**अमृत विचार:** पूर्ति विभाग के अधिकारियों का कारनामा तो देखिए कि लक्ष्मी नगर कॉलोनी के जलज एरन को मृत दिखाकर उनकी पत्नी बबिता के नाम बने राशन कार्ड में दो यूनिट कम करके एक यूनिट ही रखा गया है। जलज और उनके बेटे का नाम काट दिया गया है, जबकि प्रतिमाह पांच किग्रा राशन जलज का अंगूठा लगाकर एक यूनिट के हिसाब से मिल रहा है।

मोहल्ला लक्ष्मीनगर निवासी जलज ऐरन, उनकी पत्नी बबिता ऐरन और पुत्र कार्तिक ऐरन सहित तीन यूनिट के राशन कार्ड से कुछ महीने पहले दो यूनिट निरस्त कर दिए गए, जबकि उन्होंने केवाईसी भी करवा दी थी।

जलज ऐरन ने बताया कि इस संबंध में वह मोहल्ले के सभासद धर्मेंद्र तिवारी टीटू के साथ कोटेदार और पूर्ति कार्यालय गए तो बताया गया कि अगर ऐसा हुआ है तो कुछ त्रुटि हो सकती है।

संबंधित प्रपत्र लेकर आने पर राशन कार्ड दुरुस्त करवा दिया जाएगा, लेकिन काफी दिनों से पूर्ति कार्यालय चक्कर लगाने के बाद भी उनका राशन कार्ड सही नहीं हुआ है।

उन्होंने खाद्य एवं रसद विभाग की रिपोर्ट निकलवाई तो उन्हें वर्ष 2021 में मृतक दर्शाकर, उनके पुत्र कार्तिक का यूनिट में दो बार निरस्त दिखाया गया, जिसमें वर्ष 2021 में पुत्र को विवाहित और वर्ष 2024 में विस्थापित दर्शाकर यूनिट हटाया गया। रिपोर्ट में जलज को मृतक दर्शाया गया है वहीं दूसरी ओर रिपोर्ट में उनका नाम एकल यूनिट में दर्ज भी है।

### जलज के बाबा थे नगर पालिका में जलकल अभियंता

गोला गोकर्णनाथ। जलज ऐरन के बाबा चंद्र शेखर ऐरन नगर पालिका के जलकल विभाग में इंजीनियर रहे हैं, जिससे उनके रिटायर होने के बाद भी इस परिवार को संभ्रांत लोगों में गिना जाता रहा। उनके परिवार में यह दिक्कत लोगों के गले नहीं उतर रही है। लेकिन अधिकारी इस मामले को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं।

### खाद्य एवं रसद विभाग की रिपोर्ट से परेशान हैं जलज

गोला गोकर्णनाथ। खाद एवं रसद विभाग की रिपोर्ट से जलज परेशान हैं। उनका कहना है कि जिस पुत्र को विवाहित होने से अन्यत्र विस्थापित दिखाया जा रहा है। उसकी उम्र 17 वर्ष है, वह शिक्षा ग्रहण कर रहा है और अविवाहित है। जलज को मृतक दिखाया गया है, जबकि पत्नी के एक यूनिट का राशन जलज का अंगूठा लगाकर प्रतिमाह मिल रहा है।



खाद्य एवं रसद विभाग
उत्तर प्रदेश सरकार

| सदस्य का नाम(हिन्दी/अंग्रेजी में) | पिता/पति का नाम(हिन्दी/अंग्रेजी में) | सम्बन्ध |
|---|---|---|
| जलज ऐरन/Jalaj Aran | सुरेश चन्द्र सक्सेना / SURESH CHANDRA SAXENA | स्वयं |

राशन कार्ड से हटाई गयी यूनिट

| सदस्य का नाम(हिन्दी/अंग्रेजी में) | सम्बन्ध | हटाये जाने की तिथि | निरस्तीकरण का कारण |
|---|---|---|---|
| कार्तिक ऐरन/KARTIK AIRAN | बेटा | 21/09/2021 | निरस्त/शादी होने की दशा में |
| कार्तिक ऐरन/KARTIK ARAN | बेटा | 07/09/2024 | निरस्त/विस्थापित |
| जलज एरन /JALAJ ARAN | सौहर / पति | 21/09/2021 | निरस्त/मृतक |

खाद्य एवं रसद विभाग की रिपोर्ट।

> राशन कार्ड में ऐसी त्रुटि संभव नहीं है। यह प्रकरण अभी तक उनके संज्ञान में नहीं आया है।
>
> **- देवेशचंद्र भारती,** पूर्ति निरीक्षक गोला गोकर्णनाथ

# चेकिंग अभियान में बिजली चोरी पकड़ी

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** बिजली चोरी पर रोक लगाने के लिए विद्युत विभाग की ओर से गुरुवार सुबह विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। शहर और आसपास के क्षेत्रों में की गई कार्रवाई के दौरान कई स्थानों पर बिजली चोरी पकड़ी गई। विभाग ने कुल 50 उपभोक्ताओं के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमे दर्ज कराए हैं।

अधीक्षण अभियंता ब्रह्मपाल सिंह ने बताया कि विद्युत वितरण खंड लखीमपुर, मितौली और निघासन की टीमों के साथ प्रवर्तन दल ने संयुक्त रूप से मॉर्निंग रेड अभियान चलाया। जांच के दौरान कई जगह उपभोक्ता मीटर को बाइपास कर सीधे केबल जोड़कर बिजली जलाते मिले, जबकि कुछ स्थानों पर एलटी लाइन से कटिया डालकर आपूर्ति ली जा रही थी। कार्रवाई के दौरान 30 मामलों में बिजली चोरी पकड़ी गई, जिनके खिलाफ विद्युत अधिनियम की धारा 135 के तहत रिपोर्ट दर्ज कराई गई। इसके अलावा 19 ऐसे मामले भी सामने आए, जिनमें बकाया बिल के कारण काटे गए कनेक्शन को उपभोक्ताओं ने चोरी से दोबारा जोड़ लिया था। इन पर धारा 138 के तहत कार्रवाई की गई। मितौली क्षेत्र में एक उपभोक्ता को गलत विधा से बिजली का उपयोग करते पकड़ा गया। इस मामले में धारा 126 के तहत आकलन करते हुए एफआईआर दर्ज कराई गई। अधिकारियों ने बताया कि आगे भी बिजली चोरी के खिलाफ अभियान जारी रहेगा।

# निघासन-पलिया रोड चौड़ीकरण का शिलान्यास

संवाददाता, निघासन



सड़क का शिलान्यास करते विधायक शशांक वर्मा। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** निघासन से पलिया जाने वाली मुख्य सड़क के चौड़ीकरण कार्य का शिलान्यास विधायक शशांक वर्मा ने किया। इस सड़क का निर्माण करीब 38.35 करोड़ रुपये की लागत से कराया जाएगा।

शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान विधायक शशांक वर्मा ने कहा कि निघासन-पलिया रोड पर वाहनों का आवागमन अधिक होने के कारण अक्सर जाम की स्थिति बनी रहती थी। इस समस्या को देखते हुए मुख्यमंत्री को प्रस्ताव भेजकर सड़क चौड़ीकरण की मांग की गई थी, जिस पर सरकार ने मंजूरी दे दी है।उन्होंने कहा कि उनका लक्ष्य निघासन विधानसभा क्षेत्र की सड़कों को दुरुस्त कर उनका कायाकल्प करना है। उन्होंने बताया कि बंधा रोड का चौड़ीकरण कार्य चल रहा है, जबकि बेलरायां से तिकुनियां तक सड़क का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। कार्यक्रम को भाजपा मंडल अध्यक्ष रामकुमार मौर्य और सौरभ शुक्ला सहित अन्य वक्ताओं ने भी संबोधित किया। इस दौरान अधिशाषी अभियंता अनिल यादव, एई महेंद्र सिंह यादव, एई करिश्मा रावत, आरके नगर, अरविंद यादव, जेई पीके सरोज, सतेंद्र कुमार वर्मा सहित अन्य अधिकारियों ने विधायक का माल्यार्पण कर स्वागत किया। कार्यक्रम में व्यापार मंडल अध्यक्ष आनंद चतुर्वेदी, अशोक चौबिया, दामोदर प्रसाद वर्मा समेत कई लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन रवि सोनी ने किया।

### 10 करोड़ की लागत से हटेंगे बिजली के खंभे और पाइप लाइन

सड़क चौड़ीकरण के दौरान निघासन से पलिया तक बिजली के खंभे, पाइप लाइन और वन विभाग के क्षेत्र में पड़ने वाले पेड़ों को हटाने के लिए करीब 10 करोड़ रुपये का प्रस्ताव तैयार किया गया है। सड़क निर्माण के दौरान वर्तमान सात मीटर चौड़ाई को बढ़ाकर 10 मीटर किया जाएगा और इसके बाद दोनों ओर ढाई-ढाई मीटर की पटरी भी बनाई जाएगी।

**एल&टी फाइनान्स लिमिटेड**
(पहले एल&टी फाइनान्स होल्डिंग्स लिमिटेड के रूप में ज्ञात)
**पंजीकृत कार्यालय:** एल&टी फाइनान्स लिमिटेड, बृंदावन बिल्डिंग, प्लॉट नं. 177, कलीना, सीएसटी रोड, मर्सडीज़ शोरूम के पास, सांताक्रुज़ (पूर्व), मुंबई 400 098
**सीआईएन नं.:** L67120MH2008PLC181833
**शाखा कार्यालय:** उत्तर प्रदेश

L&T Finance

**सोना नीलामी की सूचना**

एतद्द्वारा सभी संबंधितों की जानकारी हेतु सूचित किया जाता है कि कंपनी की निम्नलिखित शाखाओं में संबंधित कर्ज संख्याओं के अंतर्गत गिरवी रखे गए सोने के आभूषणों, जिनका मोचन कराया जाना बकाया था और जिन्हें कंपनी द्वारा बार-बार सूचना देने के बावजूद संबंधित ग्राहकों द्वारा अब तक नहीं चुकाया गया है, उनकी नीलामी कंपनी के संबंधित शाखा कार्यालयों में **सोमवार 23 मार्च 2026** को निम्नलिखित विवरणों के अनुसार की जाएगी:-

1. सहारनपुर शाखा – एल&टी फाइनान्स लिमिटेड, 2ए 1095, भीम राव अंबेडकर मार्ग, क्लॉक टॉवर के पास, मुख्य चौक, सहारनपुर, उत्तर प्रदेश. पिन कोड – 247001. फ़ोन – 9875942895 कर्ज संख्या – 16321000006732 (समय सुबह 11:00 बजे).

कृपया ध्यान दें कि यदि किसी कारणवश नीलामी उपरोक्त दिनांक पर पूरी नहीं हो पाती है, तो यह बिना किसी पूर्व सूचना के **30 मार्च 2026** को उसी स्थान और समय पर आयोजित की जाएगी.

ध्यान दें: संबंधित ग्राहक नीलामी के दिनांक से पहले आभूषणों को मुक्त करवा सकते हैं.

ध्यान दें: एल&टी फाइनान्स प्रायवेट लिमिटेड के पास अपने विवेकाधीन, किसी भी कर्ज खाते के अंतर्गत किसी भी आभूषण को बिना किसी पूर्व सूचना के नीलामी सूची से हटाने का अधिकार है.

ध्यान दें: बोलीकर्ताओं से निवेदन है कि वे पहचान पत्र, पैन कार्ड और पंजीकृत डीलरों के मामले में टिन नंबर प्रस्तुत करें. सफल बोलीकर्ता से पूरी नीलामी की राशि तुरंत आरटीजीएस/किसी अन्य अनुमत माध्यम से कंपनी को हस्तांतरित करने का निवेदन किया जाता है.

हस्ता./-
**प्राधिकृत अधिकारी**
एल&टी फाइनान्स लिमिटेड के लिए

उपरोक्त सूचना के बारे में किसी भी स्पष्टीकरण के लिए, कृपया 1800 268 0000 पर या संबंधित शाखा से संपर्क करें.

**दिनांक:** 13.03.2026
**स्थान:** उत्तर प्रदेश

## न्यूज ब्रीफ

### होली मिलन समारोह में बिखरे संस्कृति के रंग

**मैगलगंज अमृत विचार :** नगर के एक हॉस्पिटल के संचालक डॉ. कमलेंद्र यादव ने नगर में होली मिलन एवं पत्रकार सम्मान समारोह का आयोजित किया। पत्रकारों और अतिथियों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। मुख्य अतिथि क्राइम इंस्पेक्टर अखिलेश गंगवार मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता लोकतंत्र का एक मजबूत स्तंभ है। विशिष्ट अतिथि समाजसेवी नवाब कल्बे हसन, वरिष्ठ पत्रकार विपिन बिहारी गुप्ता, एसपी सिंह, शेर सिंह राठौर तथा नरेंद्र मिश्रा आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन गन्ना डायरेक्टर एवं पत्रकार अनिल राठौर ने किया। कार्यक्रम में मौजूद कई पत्रकारों को सम्मानित किया गया।

### कई मुकदमों में वांछित शातिर चोर गिरफ्तार

**गोला गोकर्णनाथ। अमृत विचार :** कोतवाल अम्बर सिंह ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर तिकुनिया तिराहा से शिवपुरी रोड पर अंशु तिवारी निवासी चौफेरी थाना शारदानगर को गिरफ्तार किया गया है। उसके पास से तमंचा 315 बोर, एक कारतूस, एक मंगलसूत्र, तीन अंगूठियां, एक जोड़ी कान के झाले और 3300 रुपये नकद बरामद हुए हं। आरोपी के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत एक और रिपोर्ट दर्ज की गई है। बरामद जेवरात और नकदी थाना गोला, थाना हैदराबाद और जिला सीतापुर के कोतवाली देहात में दर्ज मुकदमों से संबंधित हैं। इन मामलों में आरोपी काफी समय से वांछित चल रहा था। आरोपी का आपराधिक इतिहास भी रहा है। उसके खिलाफ पूर्व में लूट, चोरी, आर्म्स एक्ट व गैंगस्टर एक्ट सहित कई गंभीर धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं।

### घर से सामान लेने गया युवक लापता

**गोला गोकर्णनाथ। अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला सर्वादय नगर निवासी रामसागर वर्मा का पुत्र आकाश वर्मा उर्फ सत्यम (25) बुधवार को घर से लखीमपुर रोड स्थित माल पर घरेलू सामान लेने गया था, लेकिन देर शाम तक वह घर वापस नहीं लौटा। परिजनों ने जब उसके मोबाइल नंबर पर संपर्क करने की कोशिश की तो फोन स्विच ऑफ मिला। नगर में उसके दोस्तों, परिचितो, रिश्तेदारी में काफी तलाश के बाद भी जब युवक का कोई पता नहीं चला है।

# यूपी बोर्ड परीक्षाएं संपन्न, अंतिम दिन 2,381 में से 2,248 परीक्षार्थी उपस्थित, मूल्यांकन की तैयारी

## 129 केंद्रों पर शांतिपूर्ण तरीके से हुईं हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षाएं, एक भी नकलची नहीं पकड़ा गया

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** गुरुवार को जिले के 129 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित यूपी बोर्ड की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हो गई। अंतिम दिन भी प्रशासन की कड़ी निगरानी में दोनों पालियों में परीक्षा कराई गई। पूरे परीक्षा सत्र के दौरान केंद्रों पर सुरक्षा और निगरानी के पुख्ता इंतजाम रहे। अंतिम दिन कुल 2,381 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 2,248 परीक्षार्थी उपस्थित रहे, जबकि 133 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

प्रथम पाली में हाईस्कूल कृषि विषय की परीक्षा आयोजित की गई। इसमें कुल 1,068 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 1,005 उपस्थित रहे और 63 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इसी पाली में इंटरमीडिएट कंप्यूटर विषय की परीक्षा में 651 पंजीकृत परीक्षार्थियों में से 635 उपस्थित रहे, जबकि 16 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।द्वितीय पाली में इंटरमीडिएट संस्कृत विषय की परीक्षा कराई गई। इसमें कुल 662 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 608 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए, जबकि 54 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा को नकलविहीन एवं पारदर्शी बनाए रखने के लिए सभी केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की गई। स्टेटिक मजिस्ट्रेट, सेक्टर मजिस्ट्रेट और सचल दल लगातार परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण करते रहे। अधिकारियों के अनुसार जिले में पूरी परीक्षा अवधि के दौरान परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराई गई।


अंतिम दिन भगवानदीन आर्य कन्या इंटर कॉलेज से परीक्षा देकर निकलते परिक्षार्थी।

**अंतिम दिन की उपस्थिति**

| | |
|---|---|
| **हाईस्कूल (कृषि)** | |
| पंजीकृत – | 1,068 |
| उपस्थित – | 1,005 |
| अनुपस्थित – | 63 |
| **इंटरमीडिएट (कंप्यूटर)** | |
| पंजीकृत – | 651 |
| उपस्थित – | 635 |
| अनुपस्थित – | 16 |
| **इंटरमीडिएट (संस्कृत)** | |
| पंजीकृत – | 662 |
| उपस्थित – | 608 |
| अनुपस्थित – | 54 |

### डीआईओएस ने दी शुभकामनाएं

जिला विद्यालय निरीक्षक विनोद कुमार मिश्र ने बताया कि जिले में यूपी बोर्ड की परीक्षा सभी अधिकारियों, कर्मचारियों एवं शिक्षकों के सहयोग से सकुशल संपन्न हुई।उन्होंने परीक्षा में लगे केंद्र व्यवस्थापकों, कक्ष निरीक्षकों, मजिस्ट्रेटों, पुलिस बल तथा अन्य कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सभी के सामूहिक सहयोग से परीक्षा को नकलविहीन और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराया जा सका। उन्होंने परीक्षार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अब छात्र-छात्राएं अपने परिणाम का इंतजार करें और उन्हें विश्वास है कि सभी को अपनी मेहनत के अनुसार सफलता अवश्य मिलेगी।

### 18 मार्च से शुरू होगा मूल्यांकन कार्य

जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि यूपी बोर्ड परीक्षा संपन्न होने के बाद अब मूल्यांकन कार्य की तैयारी शुरू कर दी गई है। जिले में 18 मार्च से उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य शुरू होगा। इसके लिए सभी मूल्यांकन केंद्रों पर आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि अन्य जिलों से उत्तर पुस्तिकाओं की खेप 16 मार्च तक जिले में पहुंचने की संभावना है। वहीं खीरी जिले की उत्तर पुस्तिकाएं बोर्ड के निर्देशानुसार मूल्यांकन के लिए अन्य जिलों को भेजी जाएंगी। मूल्यांकन कार्य को समय से पूरा कराने के लिए बोर्ड द्वारा शिक्षकों की ड्यूटी निर्धारित की जा रही है और सभी तैयारियां अंतिम चरण में।

### एक नजर में पूरी बोर्ड परीक्षा

इस बार बोर्ड परीक्षा में जिले के 129 परीक्षा केंद्रों पर कुल 92,930 परीक्षार्थी पंजीकृत रहे। इनमें हाईस्कूल के 50,188 तथा इंटरमीडिएट के 42,472 परीक्षार्थी शामिल थे। हाईस्कूल में 28,221 बालक व 21,967 बालिकाएं पंजीकृत थीं, जबकि इंटरमीडिएट में 24,189 बालक व 18,853 बालिकाएं परीक्षा में सम्मिलित हुए। इस प्रकार जनपद में कुल 52,188 बालक एवं 42,742 बालिकाएं बोर्ड परीक्षा में शामिल हुईं।

# होली मिलन समारोह में भाईचारे का दिया संदेश



पूर्व केंद्रीय मंत्री अजय मिश्र टेनी व विधायक विनोद शंकर अवस्थी का स्वागत करते लोग।

संवाददाता, खमरिया

- मंगलम पैलेस में हुआ आयोजन समारोह में उमड़ी भीड़
- पूर्व केंद्रीय मंत्री अजय मिश्र रहे कार्यक्रम में मुख्य अतिथि

**अमृत विचार:** कस्बा खमरिया स्थित मंगलम पैलेस में बुधवार को जेटीसी परिवार के सौजन्य से होली मिलन समारोह का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में क्षेत्र के कई गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि और सामाजिक कार्यकर्ता शामिल हुए। पूरे समारोह में रंगों और खुशियों का माहौल देखने को मिला।

कार्यक्रम में आए अतिथियों का स्वागत पूर्व जिला पंचायत सदस्य व भाजपा नेता अनिल गुप्ता, लघु उद्योग भारतीय (जेटीसी) के जिला अध्यक्ष इंद्रेश गुप्ता व जगदीश गुप्ता ने किया। समारोह में पहुंचे लोगों का मुख्य द्वार पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य व भाजपा नेता अनिल गुप्ता ने तिलक लगाकर और गले मिलकर स्वागत करते हुए होली की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। इस दौरान सभी ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की बधाई दी और आपसी भाईचारे व सौहार्द का संदेश दिया। समारोह में मुख्य अतिथि पूर्व केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्र टेनी मौजूद रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में धौरहरा विधायक विनोद शंकर अवस्थी व भाजपा जिलाध्यक्ष अरविंद गुप्ता शामिल हुए।

अतिथियों ने उपस्थित लोगों को होली की बधाई देते हुए प्रेम, एकता और सामाजिक सद्भाव बनाए रखने का संदेश दिया। कार्यक्रम में क्षेत्र के बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

# गुलाल लगाकर पेश की भाईचारे की मिसाल

संवाददाता, मूड़ा सवारान

- बिजुआ प्रधान संगठन ने किया होली मिलन समारोह

**अमृत विचार:** पंचायती राज ग्राम प्रधान संगठन बिजुआ द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। ग्राम प्रधानों, जन प्रतिनिधियों ने भाग लेकर एक दूसरे को गुलाल लगाकर गले मिलकर होली की शुभकामनाएं देते हुए और आपसी प्रेम, भाईचारा तथा सौहार्द का संदेश दिया।

बस्तौला स्थित दुधवा मिड वे रेस्टोरेंट में बिजुआ प्रधान संगठन अध्यक्ष ओंमकार सिंह के नेतृत्व में हुए होली मिलन कार्यक्रम में बिजुआ ब्लॉक क्षेत्र के प्रधान, प्रधान पति, प्रधान पुत्र ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की बधाई दी और रंगों के पावन पर्व होली की खुशियां साझा कीं।

प्रधानों ने कहा कि होली का पर्व समाज में प्रेम, भाईचारे और एकता का प्रतीक है। ऐसे आयोजनों से जनप्रतिनिधियों के बीच आपसी तालमेल मजबूत होता है और विकास कार्यों को लेकर सकारात्मक संवाद का अवसर मिलता है। पंचायत स्तर पर विकास कार्यों को बेहतर ढंग से आगे बढ़ाने के लिए आपसी सहयोग और संवाद बहुत जरूरी है। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र के विकास, पंचायतों की समस्याओं और उनके समाधान को लेकर भी आपस में चर्चा की गई। कई प्रधानों ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि संगठन के माध्यम से ग्राम प्रधानों की आवाज मजबूत होती है और सामूहिक प्रयासों से ग्रामीण क्षेत्रों में विकास की गति तेज की जा सकती है।

होली मिलन समारोह में शामिल सभी प्रधानों ने एकता और सौहार्द बनाए रखने का संकल्प लिया। इस मौके पर मनीष वर्मा, अखिलेश बाजपेई, आशीष कुमार, तनसीर खान, श्यामल सिंह, रामेंद्र यादव,सूरजपाल, अरविंद कुमार, विशाल पाण्डेय, मुकेश मौर्या, पवन कुमार, आशीष गौतम, बलराम, जयपाल गौतम, अभिषेक पुष्कर, अतहर अली, मनोज राज, विनीत कुमार, बलराम सिंह, महेश सिंह, मुकेश सिंह आदि मौजूद रहे।

# प्रतियोगिताओं के विजेता सम्मानित, शपथ दिलाई

संवाददाता, पलिया कलां

- बजाज चीनी मिल में राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस सप्ताह का समापन जीरो एक्सीडेंट का लिया संकल्प

**अमृत विचार:** स्थानीय बजाज चीनी मिल में राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस सप्ताह के समापन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मिल के कर्मचारियों, अधिकारियों और संविदाकारों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया गया। साथ ही सुरक्षा की शपथ दिलाई गई।

समारोह की अध्यक्षता चीनी मिल के यूनिट हेड ओपी चौहान ने की। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों को बैज लगाकर और बुके भेंट कर स्वागत के साथ हुई। सुरक्षा सप्ताह के तहत विभिन्न सुरक्षा संबंधी प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया। श्रमिक संगठनों के पदाधिकारियों ने कहा कि सभी श्रमिकों को अपनी सुरक्षा को प्राथमिकता देनी चाहिए। मिल परिसर में कार्य करते समय जूते, हेलमेट और अन्य सुरक्षा उपकरणों का अनिवार्य रूप से प्रयोग करना चाहिए, ताकि दुर्घटनाओं से बचा जा सके। कर्मचारियों को फैक्ट्री के अंदर जूते पहनकर ही कार्य करना चाहिए तथा कार्य के दौरान ढीले वस्त्र जैसे धोती और मफलर का प्रयोग नहीं करना चाहिए। जल्दबाजी में काम करने से भी बचना चाहिए, क्योंकि इससे दुर्घटना की संभावना बढ़ जाती है। यूनिट हेड ओपी चौहान ने कहा कि प्रतिदिन कई लोग कार्य के दौरान दुर्घटना या बीमारी का शिकार हो जाते हैं। ऐसे में सभी का दायित्व है कि अपने कार्यस्थल पर सुरक्षा और स्वास्थ्य के प्रति सजग रहें। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण और सेमिनार के माध्यम से कर्मचारियों को सुरक्षा तकनीकों की जानकारी देना बेहद जरूरी है। मिल का लक्ष्य जीरो एक्सीडेंट होना चाहिए और इसके लिए सभी को मिलकर प्रयास करना होगा। इस दौरान उन्होंने सभी कर्मचारियों और अधिकारियों को सुरक्षा की शपथ भी दिलाई।

समारोह में पलिया अग्निशमन अधिकारी राधेश्याम पाल सहित उदय प्रताप सिंह, विकास मलिक, संजीव दुबे, राजीव तोमर, संजीव श्रीवास्तव, तनवीर अहमद, मनोज मिश्रा, सतीश श्रीवास्तव, उज्ज्वल चटर्जी, वैभव सिंह, संजीव कुमार और शिव सिंह बजेठा सहित बड़ी संख्या में अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में लेखन, पोस्टर, स्लोगन और क्विज प्रतियोगिताओं में विजयी प्रतिभागियों को यूनिट हेड ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया।


पुरस्कार देकर सम्मानित करते यूनिट हेड ओपी चौहान। ● अमृत विचार




# गौ पालन पर जोर, गन्ना सहफसली करने की सलाह

- कृषि विज्ञान केंद्र जमुनाबाद में किसानों के साथ वैज्ञानिकों की बैठक

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचार:** कृषि विज्ञान केंद्र जमुनाबाद द्वारा वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक विश्वविद्यालय के प्रसार निदेशक डॉ. वीके त्रिपाठी की अध्यक्षता मेंहुई, जिसमें टपक सिंचाई को बढ़ावा देने, गाय को पालने और फसलों में विविधीकरण को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया।

प्रसार निदेशक ने टपक सिंचाई को बढ़ावा देने और महत्वपूर्ण स्थानीय मांग के अनुसार परीक्षण कराए जाने का सुझाव दिया। किसानों के खेती और संसाधन से अधिक लाभ प्राप्त करने पर चर्चा हुई। उन्होंने देसी गाय को पालने तथा इसके उत्पाद से विभिन्न प्रकार के पदार्थ को बनाकर खेत में प्रयोग कर लाभदायक सूक्ष्म जीवों की संख्या में वृद्धि तथा कृषि उत्पादन लागत में कमी लाने की जानकारी दी। गन्ना के साथ सफसली खेती करने, विविधीकरण को बढ़ावा देने, पशुओं के अवशिष्टों को प्रयोग कर लाभदायक खेती करने के विषय में बताया। केंद्र अध्यक्ष डॉ. एसके विश्वकर्मा ने कहा कि तकनीकों का जनपद में बड़ी तेजी से प्रचार प्रसार हो रहा है, जिससे किसानों के प्रति इकाई उत्पादन बढ़ा है। प्रगतिशील किसान अशोक कुमार वर्मा ने कहा कि कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों द्वारा समय-समय पर तकनीकी जानकारी दी जाती रहती है। किसान तरलोचन सिंह ने कहा कि ऐसे बायो डीकंपोजर बनाए जाएं जो कि जल्दी से फसल अवशेष को सड़ा सके। बैठक में प्रमोद कुमार शुक्ला, शस्य वैज्ञानिक डॉ. प्रदीप कुमार बिसेन, उद्यान वैज्ञानिक डॉ. मोहम्मद सोहेल, प्रसार वैज्ञानिक डॉ.जियालाल गुप्ता, पशुपालन वैज्ञानिक डॉ. एनके त्रिपाठी सहित विभिन्न गतिविधियों से संबंधित इकाइयों बत्तख पालन, मुर्गी पालन, केचुआ पालन का निदेशक प्रसार ने अवलोकन किया।


समिति की बैठक में बोलते निदेशक प्रसार डॉ. वीके त्रिपाठी। ● अमृत विचार

# नानक चौकी क्षेत्र में पनप रहा है नशे का कारोबार

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

- चिप्पड़, डोडा, चरस, अफीम, गांजा और अलैध शराब की बिक्री जोरों
- तीन साल से पुलिस चौकी पर जमे हैं प्रभारी योगेश चौधरी

**अमृत विचार:** नगर की नानक पुलिस चौकी इन दिनों चिप्पड़, डोडा, चरस, अफीम, गांजा और कच्ची शराब जैसे अवैध कारोबार खुलेआम संचालित होने से चर्चाओं में है। चौकी प्रभारी योगेश चौधरी करीब तीन साल से अधिक समय से इसी चौकी पर तैनात हैं, जो इन अवैध धंधें पर रोक लगा पाने में असफल रहे हैं।

स्थानीय लोगों का कहना है कि कोतवाली में चार प्रभारी निरीक्षक बदल चुके हैं, लेकिन चौकी प्रभारी योगेश चौधरी की तैनाती यथावत बनी है, जिसे लेकर क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं। चौकी क्षेत्र में चिप्पड़, डोडा, चरस, अफीम, गांजा और कच्ची शराब जैसे अवैध कारोबार खुलेआम संचालित हो रहे हैं। लोगों का कहना है कि इन अवैध धंधों के चलते क्षेत्र का माहौल खराब हो रहा है और असामाजिक तत्वों के हौसले भी बढ़ते जा रहे हैं। नगरवासियों का कहना है कि लंबे समय से एक ही स्थान पर तैनाती और क्षेत्र में बढ़ते अवैध कारोबार को लेकर कई सवाल खड़े हो रहे हैं। लोगों के बीच यह चर्चा भी है कि आखिर किसके संरक्षण में चौकी प्रभारी इतने लंबे समय से यहां तैनात हैं। क्षेत्र के नागरिकों ने पुलिस के उच्चाधिकारियों से मामले की निष्पक्ष जांच कराते हुए अवैध कारोबार पर सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।

# किशोरियों को लगेगा ह्यूमन पैपिलोमा वायरस का मुफ्त टीका

- शासन ने जिले को उपलब्ध कराई 12 हजार वैक्सीन
- जिले में शुरू होगा एचपीवी टीकाकरण अभियान

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** सर्वाइकल कैंसर से किशोरियों को सुरक्षा देने के उद्देश्य से जिले में सिंगल डोज ह्यूमन पैपिलोमा वायरस (एचपीवी) टीकाकरण अभियान शुरू किया जा रहा है। इस विशेष अभियान की शुरुआत जिला महिला चिकित्सालय से होगी। इसके लिए शासन से जिले को 12 हजार वैक्सीन उपलब्ध कराई जा चुकी हैं।

जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. रवि सिंह ने बताया कि सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता के निर्देश पर गुरुवार को एसीएमओ डॉ. एसपी मिश्रा की अध्यक्षता में जिले के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के अधीक्षकों, बीपीएम और बीसीपीएम को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में टीकाकरण की प्रक्रिया, पात्रता और सावधानियों की जानकारी दी गई। एसीएमओ डॉ. एसपी मिश्रा ने बताया कि सर्वाइकल कैंसर भारत में महिलाओं में होने वाला दूसरा प्रमुख कैंसर है, जिसे एचपीवी वैक्सीन के माध्यम से रोका जा सकता है। प्रधानमंत्री इस अभियान का औपचारिक उद्घाटन पहले ही कर चुके हैं। गुरुवार को जिला स्तरीय प्रशिक्षण पूरा हो गया है। अब जिला महिला अस्पताल के स्टाफ को प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिसके बाद अभियान की शुरुआत कर दी जाएगी। जेएसआई के स्टेट ट्रेनर डॉ. सैय्यद कादरी ने बताया कि किशोरियों को गार्डसिल की सिंगल डोज वैक्सीन दी जाएगी, जो एचपीवी के चार स्ट्रेन 06, 11, 16 और 18 पर प्रभावी है। शासन की ओर से जिले को यह वैक्सीन उपलब्ध कराई गई है। अभियान के तहत उन किशोरियों को पात्र माना जाएगा जिन्होंने अपना 14वां जन्मदिन मना लिया है, लेकिन 15 वर्ष की आयु पूरी नहीं की है। लक्ष्य जिले की सभी पात्र किशोरियों का टीकाकरण करना है। जिला प्रशिक्षण अधिकारी डॉ. रवि सिंह ने बताया कि एचपीवी वैक्सीन का उपयोग अब तक 165 देशों में लगभग 50 करोड़ लोगों के लिए किया जा चुका है।

टीकाकरण पूरी तरह स्वैच्छिक और निशुल्क है तथा इसे सुरक्षित माना गया है। टीकाकरण से पहले माता-पिता या अभिभावक की सहमति अनिवार्य होगी। यू-विन पोर्टल पर अभिभावक स्वयं पंजीकरण कर डिजिटल सहमति दे सकते हैं। यदि इंटरनेट उपलब्ध नहीं है तो लिखित सहमति ली जाएगी और बाद में पोर्टल पर अपलोड की जाएगी। आयु सत्यापन के लिए पहचान पत्र आवश्यक होगा और टीकाकरण प्रमाणपत्र भी यू-विन पोर्टल से डाउनलोड किया जा सकेगा। इस अवसर पर डिप्टी सीएमओ डॉ. प्रमोद वर्मा, डिप्टी सीएमओ डॉ. अमितेश द्विवेदी, डिप्टी सीएमओ डॉ. अमित सिंह, डब्ल्यूएचओ के एसएमओ डॉ. विकास सिंह सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।


प्रशिक्षण के दौरान संबोधित करते एसीएमओ डॉ. एसपी मिश्रा। ● अमृत विचार

### खाली पेट नहीं लगाया जाएगा टीका

लखीमपुर खीरी। एचपीवी टीकाकरण एएनएम, स्टाफ नर्स या लेडी हेल्थ विजिटर (एलएचवी) द्वारा किया जाएगा। टीका लगने के बाद यदि बुखार, सिरदर्द, मतली या चक्कर आएं तो पैरासिटामॉल की गोली दी जा सकती है और पर्याप्त मात्रा में तरल पदार्थ लेने की सलाह दी गई है। इंजेक्शन वाली जगह पर दर्द, सूजन या लालिमा होने पर बर्फ से सिकाई की जा सकती है। स्वास्थ्य विभाग ने स्पष्ट किया है कि यह टीका खाली पेट नहीं लगाया जाएगा।

# फेफड़े से पानी निकालकर मरीज की बचाई जान

**लखीमपुर खीरी,अमृत विचार:** जिला अस्पताल में तैनात चिकित्सक डॉ. अंशुल गुप्ता गुरुवार को एक बार चर्चा में आ गए, जब उन्होंने एक युवक की टूटती सांसों को संभालते हुए उसकी जान बचा ली।


डॉक्टर अंशुल गुप्ता।

शहर के गढ़ी रोड स्थित कांशीराम कॉलोनी निवासी पीयूष अवस्थी के फेफड़े में पानी भर गया था। इसके कारण उसे तेज दर्द के साथ सांस लेने में काफी दिक्कत हो रही थी और उसकी हालत लगातार बिगड़ती जा रही थी। परिजन उसे जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उसकी हालत बेहद गंभीर बताई जा रही थी। मरीज की स्थिति को देखते हुए डॉ. अंशुल गुप्ता ने उपचार शुरू किया और नली डालकर युवक के फेफड़े से करीब एक लीटर पानी बाहर निकाला।

## ब्रीफ न्यूज

### पुरानी रंजिश में हमला पिता-बेटी समेत तीन घायल

**लखीमपुर खीरी। अमृत विचार :** थाना खीरी के गांव अमृतापुर निवासी सोबरन लाल ने बताया कि बुधवार को गांव के ही अंकित और लवकुश व गुड्डी देवी पुरानी रंजिश के चलते गाली-गलौज करने लगे। जब उसने विरोध किया तो आरोपियों ने लाठी-डंडों से उसकी पिटाई कर दी। बेटी नंदनी और भांजी सोनू बचाने पहुंचीं तो आरोपियों ने उनके साथ भी मारपीट कर दी। पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### खेत से ट्रैक्टर-ट्रॉली निकालने के विवाद में महिला को पीटा

**लखीमपुर खीरी। अमृत विचार :** भीरा थाना क्षेत्र के गांव मन्नाटांडा निवासी रीना देवी ने बताया कि उसके खेत में गन्ने की फसल खड़ी थी। गांव का रोहित ट्रैक्टर-ट्रॉली में गन्ना भरकर उसके खेत से निकालने लगा। जब उसने इसका विरोध किया तो रोहित के साथ अनिल, उधम सिंह और ऊषा देवी मौके पर पहुंच गए। आरोप है कि सभी ने गाली-गलौज करते हुए रीना देवी की पिटाई कर दी। शोर सुनकर उसका पति उत्तम सिंह और बेटा गगन बचाने पहुंचे तो आरोपियों ने उनके साथ भी मारपीट की। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### मॉक ड्रिल के जरिए कर्मचारियों को दी गई सुरक्षा संबंधी जानकारी

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** बजाज चीनी मिल खंभारखेड़ा में आयोजित राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह का विधिवत समापन किया गया। इस अवसर पर कर्मचारियों को सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए मॉक ड्रिल का आयोजित हुई, जिसमें आपात स्थिति में अपनाई जाने वाली सावधानियों और सुरक्षा उपायों की जानकारी दी गई। समापन समारोह के दौरान यूनिट हेड अवधेश गुप्ता सहित अन्य विभागाध्यक्षों ने सुरक्षा के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए। इस दौरान अरुण सिंह, आशीष श्रीवास्तव, मोहित अवस्थी, योगेश सिंह, संजय शुक्ला और डॉ. धर्मेंद्र त्रिपाठी ने कर्मचारियों से कार्यस्थल पर सुरक्षा नियमों का पालन करने की अपील की। कार्यक्रम के अंत में सुरक्षा सप्ताह के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं जैसे बैनर प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता और क्विज प्रतियोगिता के विजेताओं को यूनिट हेड द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में मिल के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

# सीतापुर से मनौना धाम जा रही बस ट्रक से भिड़ी, 18 घायल

## चालक के झपकी आने से हुआ हादसा, बस में सवार थे 60 यात्री, 11 यात्री किए गए शाहजहांपुर रेफर

संवाददाता, पसगवां (खीरी)

**अमृत विचार:** लखनऊ-दिल्ली नेशनल हाईवे पर उचौलिया थाना क्षेत्र में मोहद्दियापुर गांव के बस मनौना धाम जा रही एक प्राइवेट बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े ट्रक में पीछे से घुस गई। हादसा बस चालक के झपकी आने से हुआ। बस में सवार 60 यात्रियों में 18 घायल हुए हैं जिनमें 11 गंभीर घायलों को शाहजहांपुर भेजा गया है। घायलों में पांच महिलाएं भी शामिल हैं।

सीतापुर जिले के रामपुर मथुरा थाना क्षेत्र से 60 यात्रियों को लेकर निजी बस मनौना धाम जा रही थी। बुधवार की रात 11.30 पर उचौलिया थाना क्षेत्र में उचौलिया जंगबहादुरगंज के मध्य मोहद्दियापुर के निकट बस चालक के झपकी लगने के कारण बस अनियंत्रित होकर हाईवे के किनारे खड़े एक ट्रक में जा घुसी। तेज रफ्तार बस की टक्कर का शोर सुनकर आसपास के ग्रामीण व राहगीर जमा हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही एनएचएआई की टीम और सेवा का जुनून फाउंडेशन की टीम दुर्घटना स्थल पर पहुंच कर राहत बचाव में जुट गई। बस में लगभग 60 यात्री सवार थे। जिनमें पांच महिलाओं सहित 18 यात्री घायल हो गए। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पसगवां भेजा गया जहां से 11 घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद शाहजहांपुर रेफर कर दिया गया। सभी घायल सीतापुर जिले के थाना रामपुर मथुरा के हैं। हादसे के बाद जब सेवा का जुनून टीम के संजीत सिंह सनी अपने सहयोगियों के साथ बचाव कार्य में जुटे थे तो मौके पर उचौलिया थाना के एक सिपाही का अशोभनीय व्यवहार चर्चा का कारण बन गया। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने भी उसके व्यवहार पर हस्तक्षेप किया। हादसे के बाद हाईवे पर लगभग एक घंटा यातायात प्रभावित रहा। एक लेन बंद करके पुलिस ने वाहन निकलवाए।


हादसे में क्षतिग्रस्त बस। ● अमृत विचार


हादसे के बाद मौके पर दबी महिला को निकालते लोग। ● अमृत विचार


घायलों को एंबुलेंस से अस्पताल ले जाती सेवा जुनून की टीम। ● अमृत विचार

### सीएचसी पसगवां में इलाज के बाद सुबह डिस्चार्ज किए घायल

- 55 वर्षीय सुमित्रा पत्नी रूपनारायण निवासी शमशेर नगर
- 15 वर्षीय मुदित पाल पुत्र रमेश कुमार निवासी बहादुरगंज
- 21 वर्षीय आशीष मौर्या पुत्र अजय मौर्या निवासी हरदयालपुर
- 55 वर्षीय राजाराम पुत्र रामरतन निवासी बगासी
- 22 वर्षीय राजू पुत्र राजाराम निवासी बगासी
- 38 वर्षीय शिवेंद्र अवस्थी पुत्र भगवती प्रसाद निवासी गरचाया
- 24 वर्षीय आशीष पुत्र अजय कुमार निवासी हरदियापुर

### जिला अस्पताल शाहजहांपुर रेफर

- 55 वर्षीय शंकर पुत्र लक्ष्मीनारायण निवासी अछलापुर
- 65 वर्षीय बनवारी पुत्र कृष्णु निवासी असहीपुर
- 35 वर्षीय लज्जावती पत्नी वीरेंद्र निवासी पाण्डेयपुरवा
- 60 वर्षीय मोतीलाल पुत्र ब्रह्मा निवासी अछलापुर
- 35 वर्षीय विनीता देवी पत्नी अनिरुद्ध मौर्या निवासी धुरिया गुरैचा
- 25 वर्षीय नागेंद्र पुत्र राधेश्याम निवासी गहिरमपुरवा
- 30 वर्षीय सुशील यादव पुत्र रामलखन यादव निवासी राजापुर
- 22 वर्षीय जितेंद्र पुत्र जगतराम निवासी धुरिया गुरैचा
- 40 वर्षीय संजू पत्नी दिलेराम निवासी गरचैया
- 45 वर्षीय लक्ष्मी पत्नी राजाराम निवासी बगासी
- 60 वर्षीय धनीराम पुत्र नन्हू निवासी हरदियापुरवा

### साइकिल सवार बुजुर्ग को अज्ञात बाइक चालक ने मारी टक्कर, मौत

**संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** नीमगांव थाना क्षेत्र के ग्राम देवरी निवासी 65 वर्षीय छोटेलाल पुत्र बहादुर लाल की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। वह घर से साइकिल से दवा लेने गए थे। बताया जाता है कि देवरी निवासी छोटेलाल सिकंद्रबाद से दवा लेकर साइकिल से वापस घर लौट रहे थे, तभी क्रेशर के सामने किसी अज्ञात बाइक सवार ने उनकी साइकिल में टक्कर मार दी, जिससे वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास मौजूद लोगों ने उन्हें तुरंत सीएचसी पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिये भेजकर बाइक चालक की तलाश शुरू कर दी है।

### पालिकाध्यक्ष ने धर्मगुरुओं के साथ बैठक की

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार:** नगर पालिका परिषद सभागार में इस्लाम धर्मगुरुओं के साथ नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने बैठक कर व्यवस्था सम्बन्धी आवश्यक सुझाव लिए और कर्मचारियों को मस्जिदों के आसपास साफ सफाई, पानी आदि व्यवस्थाओं को सुचारु करने के निर्देश दिए।

इस्लाम धर्म का पवित्र और नौवां महीना मुस्लिम समुदाय के लिए इबादत, आत्म संयम और दान पुण्य का होता है। रमजान के अंतिम शुक्रवार को अलविदा की नमाज़ अदा की जाती है। 13 मार्च शुक्रवार को अलविदा की नमाज़ के लिए धर्मगुरुओ के सुझाव लिए गए। सुझावों को सुनने के बाद नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने कहा कि ईदगाह के रास्ते में सफाई, पानी, रेखांकन आदि के साथ नगर की मस्जिदों के पास भी सफाई, रेखांकन किया जाऐगा। बैठक में राजा जफ़र उल्ला खां, सभासद रज्जन खान, साहिद अंसारी, इजरान अली, मोहम्मद हनीफ, मोहम्मद आसिफ खान, मोहम्मद सलीम अंसारी, सदर हसन रज़ा बरकाती, मजीद खान, अरफाक अंसारी, इरसाद हुसैन खान, इस्तियाक खान, मोहम्मद एहसान अली आदि मौजूद रहे।

## लूट में 50 हजार का इनामी बदमाश अच्छन गिरफ्तार

संवाददाता, बेहजम

- तमंचा-कारतूस, चोरी की बाइक व नगदी बरामद

**अमृत विचार:** थाना नीमगांव पुलिस ने फरधान थाना क्षेत्र में हुई लूट की घटना के मुख्य आरोपी 50 हजार रुपये के इनामी बदमाश अच्छन को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी को गुरुवार को थाना क्षेत्र के बाछेपारा मोड़ के पास से दबोचा। उसके पास से तमंचा-कारतूस, चोरी की बाइक और 1150 रुपये की नगदी बरामद हुई है। गुरुवार को आरोपी का चालान कर कोर्ट में पेश किया गया, जहां से अदालत ने उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया है।

एसओ प्रवीर गौतम ने बताया कि पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि अच्छन बाछेपारा मोड़ के पास संदिग्ध हालत में खड़ा है। सूचना मिलते ही वह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस को देखते ही आरोपी भागने लगा, लेकिन पुलिस ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। तलाशी के दौरान आरोपी अच्छन निवासी पीरपुर थाना फरधान के पास से एक 315 बोर का तमंचा, दो जिंदा कारतूस, 1150 रुपये नकद और एक बाइक बरामद हुई। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि बरामद नकदी फरधान थाना क्षेत्र में हुई लूट की घटना से संबंधित है। पुलिस के अनुसार अच्छन पर 50 हजार रुपये का इनाम घोषित था और वह फरधान थाना क्षेत्र में हुई लूट का भी मुख्य आरोपी है। उसके खिलाफ पहले से भी कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं।

# मैलानी में बालाजी की निशान यात्रा में जमकर झूमे श्रद्धालु

संवाददाता, मैलानी

**अमृत विचार:** नगर मैलानी में आस्था का अद्भुत दृश्य देखने को मिला। राजस्थान के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल मेहंदीपुर बालाजी मंदिर से चलकर बालाजी की ज्योति मैलानी पहुंची ज्योति के मैलानी पहुंचने पर भक्तों ने भक्ति भाव के साथ स्वागत किया और उसे शिव मंदिर दर्शन के लिए लाया गया। ज्योति के दर्शन को श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा।

बालाजी के जन्मदिन के उपलक्ष में बालाजी मित्र मंडल कमेटी के अमन गोयल, सचिन सिंघल, सुमित गोयल, अतुल राजपूत, सोमदत्त प्रजापति के नेतृत्व में गुरुवार को श्री बालाजी निशान यात्रा निकल गई, जिसमें दर्जनों झांकियां शामिल रहीं। बाहर से आए कलाकारों ने श्रद्धालुओं का दिल जीत लिया। शोभायात्रा में शामिल


मैलानी में बालाजी की ज्योति के सामने होली खेलते अनुयायी। ● अमृत विचार


मैलानी की निशान यात्रा में शामिल श्रद्धालु। ● अमृत विचार

- खेली अबीर गुलाल से होली लगाये जयकारे

श्रद्धालु नौजवान महिलाओं ने अबीर गुलाल खेलते हुए भजनों पर जमकर नाचते नजर आए।

शोभा यात्रा मुख्य बाजार शिव मंदिर पर पूजा अर्चना करके शुरू हुई। मुख्य बाजार, 36 नंबर ब्लॉक कॉलोनी, रेलवे कालोनी, चमन चौराहा, मोहल्ला गौतम नगर, तिराहा बाईपास होते हुए वापस मंदिर पहुंचकर संपन्न हुई। मंदिर में श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष कीर्ति माहेश्वरी, उनके पति समाजसेवी भवानी शंकर माहेश्वरी ने कार्यकर्ताओं के साथ श्रद्धालुओं पर फूल बरसाए। भवानी शंकर माहेश्वरी, विजय गुप्ता, अमित गुप्ता, धर्मेंद्र शर्मा ने श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद के रूप में पूड़ी, सब्जी, जलपान व हलुवा की व्यवस्था की।

निशान एवं शोभा यात्रा में उत्तराखंड से आए कलाकारो द्वारा बनायी गयी बजरंगबली, राधा कृष्ण, भगवान शंकर की सजीव झांकियों ने सबका मन मोह लिया। निशान यात्रा में अमन गोयल, अतुल राजपूत, सोमदत्त प्रजापति, अमित गुप्ता, अंकित गोयल, अरविंद गोयल, गोपाल सिंघल, रामचन्द्र अग्रवाल, अशोक वर्मा, अशोक सिंघल, नगर पंचायत की पूर्व अध्यक्ष अनीता यादव, सपा नेता नरेश यादव सहित थाना प्रभारी बृजेश कुमार मौर्य भारी पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

# नाली की मिट्टी के ढेर से दुकानदार परेशान

- सड़क चौड़ीकरण कार्य के तहत पलिया बाइपास पर खोदी नाली
- पखवाड़े से दुकानों के सामने पड़ी मिट्टी बन रही मुसीबत

संवाददाता, पलिया कलां


दुकानों के सामने लगा मिट्टी का ढेर। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** नगर के कमल टॉकीज चौराहे से लेकर सीओ कार्यालय तक सड़क चौड़ीकरण के तहत चल रहे निर्माण कार्य ने स्थानीय दुकानदारों की परेशानी बढ़ा दी है। पाइप डालने के लिए खोदी गई नाली से निकली मिट्टी के ढेर पिछले करीब पखवाड़े से दुकानों के सामने पड़े हुए हैं, जिससे व्यापारियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

करोड़ों रुपये की योजना के तहत नगर की बाईपास रोड को चौड़ा किया जा रहा है। सड़क के दोनों ओर एक-एक मीटर चौड़ी इंटरलॉकिंग खड़ंजा पट्टी लगाई जानी है, जिससे आवागमन सुगम हो सके। इस कार्य का शुभारंभ गत माह विधायक और लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों द्वारा विधिवत पूजन कर किया गया था। उस समय अधिकारियों ने कार्य को जल्द पूरा कराने का आश्वासन भी दिया था, लेकिन मौजूदा स्थिति यह है कि सड़क चौड़ीकरण से पहले तार व पाइप बिछाने के लिए खोदी गई नालियों की मिट्टी दुकानों के सामने ही छोड़ दी गई है। मिट्टी के इन ढेरों के कारण दुकानदारों के लिए अपनी दुकानों तक पहुंचना मुश्किल हो गया है। साथ ही वाहनों की आवाजाही से उड़ रही धूल दुकानों में रखे सामान को भी नुकसान पहुंचा रही है। दुकानदारों का कहना है कि नालियों और मिट्टी के ढेरों के कारण व्यापारिक गतिविधियां प्रभावित हो रही हैं। सामान न तो आसानी से दुकान के अंदर लाया जा पा रहा है और न ही बाहर भेजा जा रहा है, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है।

## शांति बाबा मंदिर से मां पूर्णागिरि दर्शन के लिये आठ श्रद्धालुओं का पैदल दल रवाना

संवाददाता, बग्घून

**अमृत विचार:** क्षेत्र के अमीरनगर कस्बे के आठ युवा श्रद्धालुओं का जत्था बृहस्पतिवार को भक्ति और भाव के साथ मां पूर्णागिरि दरबार में दर्शन के लिए पैदल रवाना हुआ, जिन्हें ग्रामीणों ने माला पहनाकर विदा किया।

अमीरनगर के श्रद्धालुओं ने यात्रा प्रारम्भ करने से पहले कस्बे में स्थित शांति बाबा मंदिर पहुंचकर भगवान का आशीर्वाद लिया। दर्जनों ग्रामीणों ने पहुंचकर श्रद्धालुओं के जत्थे को फूल माला पहनाकर सुखद एवं मंगलमय यात्रा की कामना के साथ विदा किया। प्रस्थान के समय युवा श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखने को मिला।


अमीरनगर में शांति बाबा मंदिर से रवाना होता श्रद्धालुओं का पैदल दल। ● अमृत विचार

श्रद्धालुओं ने बताया कि उनकी यह पहली पद यात्रा है, जो करीब एक सप्ताह चलेगी। इस दौरान वह कई जगह रात्रि में विश्राम भी करेंगे। 18 मार्च को मां पूर्णागिरि दरबार पहुंचकर दर्शन कर माता रानी का आशीर्वाद प्राप्त करेंगें। इस दौरान माता के उदघोष से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया।

होली के दूसरे दिन से मां पूर्णागिरी के दरबार जाने वाले श्रद्धालुओं का सिलसिला शुरू हो जाता है। इस पदयात्रा में सनी शर्मा, उत्कर्ष शर्मा, अंशू शर्मा, प्रिंस शर्मा, सूरज जोशी सहित कई प्रमुख लोग शामिल हैं। क्षेत्रीय यू ट्यूबर शिवम कटियार, विशाल रस्तोगी, अवधेश कटियार, रामसेवक कटियार, संतोष जोशी सहित कई प्रमुख लोगों ने पद यात्रा में शामिल लोगों को विदाई देकर उनकी मंगलमय यात्रा की कामना की।

## थानाध्यक्ष पर अभद्रता का लगाया आरोप, एसडीएम को दिया ज्ञापन


एसडीएम को ज्ञापन देते सभासद। ● अमृत विचार

संवाददाता, पलिया कलां

**अमृत विचार:** नगर पालिका पलिया के कई सभासदों ने गुरुवार को उपजिलाधिकारी डॉ. अवनीश कुमार को ज्ञापन सौंपा। जिसमें थाना प्रभारी पर अभद्र व्यवहार का आरोप लगाया। नगर में नशे का कारोबार करने वालों पर कड़ी कार्रवाई तथा अपनी जान-माल की सुरक्षा की मांग की। बुधवार को नगर पालिका के कई सभासद पलिया थाने पहुंचे थे, जहां वे नगर में नशे का कारोबार करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर थानाध्यक्ष पंकज त्रिपाठी को ज्ञापन देना चाहते थे। आरोप है कि थानाध्यक्ष ने उनका ज्ञापन लेने से इनकार कर दिया और उनके साथ अभद्रता की। इससे आहत और परेशान सभासद गुरुवार को तहसील पहुंचे एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर मामले से अवगत कराया। सभासद एवं नगर व्यापार मंडल अध्यक्ष गौरव गुप्ता, सभासद मनोज गुप्ता, उस्मान, रुकसाना, सावित्री, आशुतोष शुक्ला, रामगोपाल वर्मा, रईस अहमद, सिराज अहमद, अब्दुल खालिक आदि रहे।

# भाजपा पर जमकर बरसे कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष

संवाददाता, पलिया कलां (लखीमपुर खीरी)

**अमृत विचार:** नगर की माल गोदाम रोड स्थित एक बारात घर में कांग्रेस की ओर से संविधान संवाद रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी व एआईसीसी महासचिव अविनाश पांडेय ने की, जबकि मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष अजय राय रहे। रैली में बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ता समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि उत्तर प्रदेश में कराए जा रहे अधिकतर कामों के ठेके गुजरात के लोगों को दिए जा रहे हैं। उन्होंने शारदा नदी में जमा सिल्ट हटाने के नाम पर करोड़ों रुपये की कमाई का आरोप लगाते हुए कहा कि इसके बावजूद नदी आसपास के गांवों को बाढ़ के खतरे में डाल रही है। उन्होंने पूर्वांचल और सिख समाज के लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस ने वर्ष 1956 में उन्हें यहां बसाया था और उन्हें उजाड़ने नहीं दिया जाएगा। उन्हें दी गई जमीन पर भूमिधरी अधिकार दिलाने के लिए कांग्रेस संघर्ष करेगी। अजय राय ने मंच से गैस सिलेंडर उठाकर क्षेत्र में गैस की किल्लत का मुद्दा भी उठाया और कहा कि इसकी अग्रिम व्यवस्था क्यों नहीं की गई। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा गरीबी मिटाने की बजाय गरीबों को ही खत्म करने की नीति पर चल रही है। अविनाश पांडेय ने भाजपा सरकार पर संविधान बदलने की



कार्यक्रम को संबोधित करते कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय। ● अमृत विचार

साजिश रचने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि शक्कर का कटोरा कहे जाने वाले जनपद खीरी के किसानों की हालत खराब है और गरीब आदिवासियों पर वन विभाग मुकदमे दर्ज कर रहा है। इसके लिए उन्होंने भाजपा सरकार को जिम्मेदार ठहराया। वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री मोना मिश्रा ने भाजपा सरकार की नीतियों की आलोचना करते हुए आजादी के बाद देश के विकास में कांग्रेस की भूमिका का उल्लेख किया। सीतापुर सांसद राकेश राठौर ने कहा कि भाजपा संविधान को कमजोर करना चाहती है। उन्होंने मोहम्मद आजम खान पर दर्ज मामलों को भी गलत बताया। पूर्व सांसद रवि प्रकाश वर्मा ने कहा कि भाजपा शासन में जनता परेशान हो चुकी है और अब बदलाव चाहती है। वहीं मोनिस अली नकवी ने देश की आजादी में सभी वर्गों के योगदान को याद किया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रहलाद पटेल ने जिले की विभिन्न समस्याओं को उठाया। किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष व कार्यक्रम संयोजक बृज मौर्य ने अतिथियों और क्षेत्रवासियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन शुभम अग्निहोत्री ने किया। इस मौके पर पूर्व सांसद की पुत्री पूर्वी वर्मा, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता अमर गुप्ता, एडवोकेट रामू त्रिवेदी, पूर्व प्रधान रामचंदर, अजय दरोगा, उमेश मिश्रा, रवि तिवारी समेत बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभा में सैकड़ों की संख्या में महिलाएं भी शामिल हुईं।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें

9756905552, 8445507002

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी बी.ए. फाइनल की डिग्री वर्ष 2014 अनुक्रमांक 5305344 दिनांक 02.03.2026 को सुरेश शर्मा नगर में कहीं गिर गई है जो तलाश करने के बाद भी नहीं मिली है। **अनिल कुमार पुत्र श्री केदार नाथ निवासी मुड़िया जगरूप तहसील नवाबगंज जिला बरेली।**

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा आधार में नाम इंद्र जीत पुत्र कोमिल प्रसाद है ड्राइविंग लाइसेंस में मेरा नाम इंद्र जीत पुत्र कुंवर सेन दर्ज है। भविष्य में मुझे इंद्र जीत पुत्र कुंवर सेन के नाम से जाना जाए। **इंद्र जीत पुत्र कुंवर सेन परेवा सादात सेंथल बरेली**

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाईस्कूल अंकपत्र व सनद वर्ष 2006 अनुक्रमांक 0910543, इण्टरमीडिएट अंकपत्र व सनद वर्ष 2008 अनुक्रमांक 0490460 वास्तव में कहीं खो गया है। **मंजू देवी पुत्री कलिका प्रसाद निवासी- मीरपुर हेमपुरा, पीलीभीत**

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हमने अपने पुत्र राजीव को गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। हमारा व हमारे परिवार से उसका कोई वास्ता नहीं होगा। **सुमन पत्नी रामपाल व रामपाल पुत्र पूरनलाल निवासी ग्राम चोढेरा चोढेरी तह. तिलहर जिला शाहजहांपुर**

### बेदखली/सम्बन्ध विच्छेद सूचना

मैने अपने पुत्र ज्ञान प्रकाश उर्फ सूरज को गलत चाल चलन व अभद्र व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति व अपने परिवार से बेदखल कर सम्बन्ध बिच्छेद कर लिए हैं। भविष्य में उसके द्वारा किए गए किसी भी प्रकार के कृत्यों, लेनदेन व मुकदमेबाजी आदि के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। हमारे परिवार के किसी सदस्य उपरोक्त के किसी कृत्य के लिए किसी प्रकार से जिम्मेदार नहीं होंगे। **भगवान स्वरूप पुत्र नत्थू लाल निवासी ग्राम राजू नगला थाना व तहसील बहेड़ी, जिला बरेली।**

### सूचना

यह कि कुछ दिन पहले मोटर साइकिल से बरेली जाते वक्त फरीदपुर टोल टैक्स से पहले कैरी बैग में रखा हुआ मूल बैनामा कहीं गिर गया, जो कि श्रीमती अनीता अग्रवाल ने चंचल अग्रवाल से क्रय किया था जिसकी रजिस्ट्री दिनांक 21.01.2006 को बही सं-1 जिल्द सं-1123 पेज 19-30 क्र.स.355 पर सब रजिस्ट्रार कार्यालय फरीदपुर में रजिस्ट्रीकृत हुआ था उक्त बैनामा मेरी प्रॉपर्टी का चेन पार्ट है किसी को मिले तुरंत सूचित करने का कष्ट करें। यदि कोई व्यक्ति इसका दुरुपयोग करता है तो बैनामा शून्य समझा जायेगा । शराफत हुसैन पुत्र मोहम्मद हुसैन निवासी मंझले मार्केट, बीसलपुर मार्ग, नियर सैफी जनरल स्टोर, कस्बा व थाना फरीदपुर जिला बरेली । मो.न. 9719974731

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पॉलिसी संख्या 222328480 में मेरा नाम भूलवश सोम देवी दर्ज हो गया है जबकि मेरा वास्तविक नाम सीमा वती है। आधार कार्ड व अन्य दस्तावेजों में भी मेरा नाम सीमा वती ही दर्ज है। **सीमा वती पत्नी श्री अम्बा प्रसाद निवासी ग्राम सेमीखेड़ा तहसील बहेड़ी जिला बरेली।**

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

## प्लांट बंद करने की धमकी पर भी एचपीसीएल अफसरों को नहीं मिली थी पुलिस सुरक्षा

**विजय नगला/ बदायूं, अमृत विचार** : दबंग की धमकी से परेशान एचपीसीएल प्लांट के प्रबंधक ने उसके खिलाफ थाना मूसाझाग में रिपोर्ट भी दर्ज कराई थी। संयत्र में तैनात अफसरों को लगातार धमकाकर आतंकित किया जा रहा था। अफसरों ने कहा था कि अगर सुरक्षा नहीं मिली तो प्लांट बंद करने पड़ेगा। इसके बाद भी पुलिस ने शिकायत को नजरअंदाज करती रही। आरोपी पर कार्रवाई करती तो शायद दो अफसरों की जान बच सकती थी। पूर्व में पुलिस को दी गई शिकायत में प्रबंधक ने बताया था कि अजय प्रताप मैसर्स लक्ष्य पावरटेक कंपनी की ओर से कांटेक्ट वर्कर के रूप में कार्यरत है। वह सीबीजी प्लांट पर बार बार आकर आपराधिक कृत्य, धमकी और भय का वातावरण उत्पन्न कर रहा है। सीबीजी प्लांट प्रदेश सरकार की ओर से प्रतिबंधित क्षेत्र घोषित है। 13 जनवरी 2025 की दोपहर लगभग पौने चार बजे अजय प्रताप ने एक अन्य ठेकेदार की टैक्सी को जबरन कब्जे में लेकर प्लांट के कांफ्रेंस रूम तक पहुंचा। खुलेआम सभी को देख लेने की धमकी दी। उसी दिन प्रबंधक पौने छह बजे कार्यालय से वापस लौट रहे थे। प्लांट से सैंजनी मार्ग पर रास्ते में अजय प्रताप ने हाथ देकर जबरन उनकी गाड़ी रुकवाई और धमकाया। अगले दिन सुबह लगभग सवा 11 बजे अजय प्रताप जबरन प्लांट पर आया। लोकेशन इंचार्ज कार्यालय में घुसकर चिल्लाते हुए धमकाया। प्लांट के अधिकारी अन्य अधिकारियों से शिकायत करने गाड़ी से निकले तो आरोपी ने उनका पांच किमी तक पीछा किया। बराबर में बाइक चलाकर धमकाता रहा। गोलीकांड ने पुलिस लापरवाही का सच सामने ला दिया है।


### कार्यालय ग्रा.प. मियापुर दियोरा विकास खंड इस्लामनगर बदायूं

**अल्पकालीन निविदा** 11.03.2026

समस्त सामग्री आपूर्ति यथा (सीमेंट, रेता, बजरी, बदरफुट ईट, इन्टरलाक, सरिया, एंगिल, टीन, पेन्ट, रोडा) आदि को सूचित किया जाता है कि मनरेगा, राज्य वित्त, खाद एवं रसद विभाग योजना, केन्द्र वित्त योजना (2025-26) के अंतर्गत प्राप्त धनराशि से ग्राम पंचायत मियां पुर दियोरा विकास खण्ड इस्लामनगर बदायूं में निम्न कार्य हेतु निविदाएं आमंत्रित की जाती है। अत: समस्त संबंधित आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि निविदा की तारीख से सामग्री की दरे बन्द लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय पर दिनांक 14.03.2026 को शाम 3:00 बजे तक जमा करना सुनिश्चित करें व इसी दिवस को 4:00 बजे प्रधान व सचिव के सामने खोली जाएंगी कार्य का विवरण निम्न प्रकार है।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | अनु. धनराशि |
|---|---|---|
| 1. | राजकुमार के घर से राकेश जाटव के घर तक सीसी, इंटरलॉक नाली नि. कार्य | प्रा. के अनुसार |

सचिव प्रधान


# संवेदनशील संयत्र में खून-खराबा, सोते रहे पहरेदार

संवाददाता, दातागंज/म्याऊं

**अमृत विचार** : हिन्दुस्तान पेट्रोलियम प्लांट में दो अफसरों की हत्या की घटना ने दबंगई-गुंडई की सच्चाई सामने ला दी है। प्लांट के कर्मचारियों का कहना है कि हमलावर अजय प्रताप सिंह बहुत दबंग किस्म का है और अक्सर हथियार लेकर आता था। किसी की क्या मजाल जो दबंग अजय प्रताप को रोकने-टोकने की हिम्मत जुटा पाए। प्लांट से निकाले जाने के बाद भी उसका अंदर आना लगा रहता था। घटना के समय वह कुछ अन्य कर्मचारियों के साथ कार में आया। बेखौफ होकर प्लांट में दाखिल हुआ। न उसे किसी ने टोका और न उसकी तलाशी ली। यही वजह रही कि वह आसानी से हथियार लेकर ऑफिस तक जा पहुंचा और दोनों अधिकारियों की हत्या कर आसानी से निकल भी गया।

प्लांट प्रबंधन और अजय प्रताप के बीच का विवाद किसी से छिपा नहीं था। मामला हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) के उच्च अधिकारियों से लेकर पुलिस तक भी पहुंचा था। मारे गए अफसरों ने लोकल स्तर पर पुलिस से लगातार शिकायत कर कार्रवाई और सुरक्षा की मांग की थी लेकिन मदद नहीं मिली। अधिकारियों की सुरक्षा को लेकर कोई ध्यान नहीं दिया गया। प्लांट कर्मियों के अनुसार, हत्यारोपी प्लांट की बोलेरो से आया था। साथ में प्लांट के चार और कर्मचारी दूसरी शिफ्ट में ड्यूटी करने दातागंज से आए थे। प्लांट की गाड़ी होने की वजह से सुरक्षाकर्मियों ने हत्यारोपी के बारे में गौर नहीं किया। वह मेन गेट से तकरीबन एक किलो भीतर तक पहुंच गया। साथ आए कर्मचारी काम पर चले गए लेकिन आरोपी कार्यालय जा पहुंचा और घटना को अंजाम दिया। गोली मारने के बाद वह चालक के साथ प्लांट से वापस निकल गया। बाद में नाटकीय रूप से पुलिस की पकड़ में आ गया है।



घटना की जानकारी करते एडीजी रमित शर्मा, अजय कुमार साहनी। ● अमृत विचार

### इंस्पेक्टर-दरोगा सस्पेंड, सीओ करेंगे जांच

एचपीसीएल प्लांट के अफसरों की हत्या के मामले में एसएसपी बदायूं डॉ. बृजेश कुमार सिंह ने इंस्पेक्टर मूसाझाग अजय कुमार व हल्का प्रभारी निरीक्षक धर्मेन्द्र कुमार को तुरंत सस्पेंड कर दिया है। सीओ उझानी डॉ0 देवेन्द्र कुमार की रिपोर्ट पर यह कार्रवाई की गई है। मामले की जांच सीओ सिटी रजनीश उपाध्याय को सौंपी गई है।

## हर्षित मिश्रा की हत्या से परिवार में कोहराम

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



पीलीभीत से बदायूं पहंचे हर्षित मिश्रा के परिजन। ● अमृत विचार

**अमृत विचार** : बदायूं के एचपीसीएल प्लांट में उप प्रबंधक पूरनपुर निवासी हर्षित मिश्रा (32) की हत्या से परिवार में कोहराम मच गया। पूरनपुर के मोहल्ला साहूकारा स्थित मकान में रह रहे परिवार वाले आनन-फानन में मकान को ताला लगाकर बदायूं के लिए रवाना हो गए। कुछ ही देर में जब सोशल मीडिया के जरिए बदायूं में नौकरी कर रहे हर्षित की गोली मारकर हत्या की खबर संज्ञान में आई तो इसे लेकर चर्चाएं तेज हो गई। हर कोई परिवार की वापसी का इंतजार करता रहा।

हर्षित मिश्रा के पिता सुशील मिश्रा पूरनपुर चीनी मिल के सेवानिवृत्त कर्मचारी हैं। वह बीते साल नवंबर में सेवानिवृत्त हुए थे। मृतक हर्षित दो भाइयों में बड़े थे। छोटे भाई वैभव मिश्रा है। मां संतरा देवी गृहिणी हैं। बताते हैं कि माता-पिता दोनों ही बीमार रहते हैं। बेटे की हत्या की खबर सुनकर बदहवास से दिखे। परिवार मकान को ताला लगाकर बदायूं रवाना हो गया। करीबियों ने बताया कि डेढ़ वर्ष पहले ही हर्षित मिश्रा का विवाह शाहजहांपुर की युवती से हुआ था। दो वर्ष पहले ही हर्षित की पोस्टिंग बदायूं में हुई थी। इससे पहले वह बिहार में नौकरी कर रहे थे। वर्तमान में बरेली में रह रहे थे। आना-जाना करते थे। पड़ोसियों के अनुसार पूरनपुर में उसके माता-पिता और उसकी पत्नी रहती थी। वह परिवार से मिलने के लिए अक्सर आते रहते थे। हर्षित मिश्रा की हत्या से पूरे जिले में लोग दुखी हैं।



पूरनपुर में हर्षित के मकान पर ताला।


### कार्यालय जिला कृषि अधिकारी, बरेली

पत्रांक : 1561/4-कृषि/प्रेस विज्ञप्ति/2025-26 दिनांक : 12.03.2026

**प्रेस विज्ञप्ति**

अपर कृषि निदेशक (बीज एवं प्रक्षेत्र) उ.प्र. के पत्रांक-2894-टी/टी-27/प्रक्षेत्र बिड-905376/2025-26 दिनांक 23.02.26 द्वारा दिये गये दिशा निर्देशों के क्रम में राजकीय कृषि प्रक्षेत्र नवाबगंज पर रबी वर्ष 2025-26 में गेहूँ 39.88 हे. क्षेत्रफल की कटाई, मड़ाई एवं भूसा निर्माण कम्बाईन मशीन मय स्ट्रारीपर से कराये जाने हेतु जेम पोर्टल पर निविदा आमंत्रित की जा रही है। जिसकी बिड डालने हेतु ई-निविदा दिनांक 10.03.2026 से दिनांक 23.03.2026 तक आमंत्रित की गयी है। ई-निविदा दिनांक 23.03.2026 पूर्वान्ह 10:30 बजे समिति के समक्ष विकास भवन, बरेली स्थित जिला कृषि अधिकारी कार्यालय बरेली में खोली जायेंगी।

बिड संख्या GEM/2026/B/7341678 है। इस बिड की शर्ते एवं अन्य प्रपत्र जेम पोर्टल पंजीकृत निविदादाता द्वारा gem.gov.in पर डाउनलोड करके देखा जा सकता है एवं अलोड किया जा सकता है।

(ऋतुषा तिवारी)
जिला कृषि अधिकारी, बरेली।

### कार्यालय कृषि उत्पादन मण्डी समिति, दातागंज (बदायूं)

पत्रांक: कृ.उ.म.स./2025-26/116 दिनांक: 12.03.2026

**सफाई हेतु ई-टेण्डरिंग निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नवीन मंडी स्थल दातागंज (बदायूं) की वित्तीय वर्ष 2026-27 (दिनांक 01.04.2026 से 31.03.2027 तक) की दैनिक सफाई निविदा दिनांक 24.03.2026 की सायं काल 5:00 बजे तक जैम पोर्टल www.gem.gov.in के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती है। समस्त नियम एवं शर्तें जैम पोर्टल/कार्यालय में देखी जा सकती है।

खडबिन्द प्रकाश, सचिव, कृषि उत्पादन मण्डी समिति, दातागंज (बदायूं)
धर्मेन्द्र कुमार सिंह, सभापति/उपजिलाधिकारी, कृषि उत्पादन मण्डी समिति, दातागंज (बदायूं)


## एचपीसीएल प्लांट बर्बाद कराने की साजिश: कश्यप

**बदायूं, अमृत विचार** : बदायूं के दातागंज क्षेत्र में एचपीसीएल प्लांट के अंदर दिनदहाड़े दो अधिकारियों की हत्या पर राजनीति भी गरमाती नजर आ रही है। आंवला लोकसभा क्षेत्र से दो बार भाजपा सांसद रहे धर्मेन्द्र कश्यप ने हत्याकांड को लेकर कहा है कि कुछ लोग हिन्दुस्तान पेट्रोलियम के प्लांट को बर्बाद करना चाहते हैं। प्लांट में पहले भी कई आपराधिक घटनाएं हो चुकी थीं। मारे गए अधिकारी सुरक्षा मांग रहे थे, लेकिन प्रभावशाली लोगों के दबाव में पुलिस अनदेखी करती रही और यह दुर्भाग्यपूर्ण घटना हो गई। पूर्व सांसद धर्मेन्द्र कश्यप ने फोन पर अमृत विचार से बातचीत में कहा कि उन्होंने केन्द्रीय स्तर पर बहुत प्रयास करके प्लांट को दातागंज में स्थापित कराया था। पहले प्लांट हरदोई के संडीला इलाके में प्रस्तावित था। बदायूं के तत्कालीन जिलाधिकारी दिनेश प्रताप सिंह के साथ प्रयास करके प्लांट बदायूं लाया गया। प्लांट लगने के बाद से ही कुछ लोग वहां गड़बड़ी करने में लग गए थे। एचपीसीएल के अधिकारी व कर्मचारियों को दबंग धमकाकर निजी हित के काम कराने को दबाव बनाते थे। आरोपी वहां लगातार गुंडई कर रहा था। उसके खिलाफ प्लांट प्रबंधन ने शिकायतें भी की थीं लेकिन दबाव में पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। घटना में पुलिस की भूमिका पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।


### न्यायालय असिस्टेंट कलेक्टर/परगनाधिकारी बीसलपुर (पीलीभीत)

वाद सं. टी 20261256020216३ सन् 2026
लालू बनाम अकील हुसैन आदि

अकील हुसैन व अमील हुसैन व शकील हुसैन व नकील हुसैन व रियाज हुसैन पुत्रगण जमील व मो. इदरीस व उस्मान हुसैन व मुन्ने हुसैन पुत्रगण इब्राहिम व असमतारा बेगम पत्नी उरमान हुसैन व सादाब हुसैन व जुनैद हुसैन पुत्रगण उरमान हुसैन व अन्मतावी नाबालिग आयु 15 वर्ष पुत्री उरमान हुसैन वादमित्र व संरक्षिका असमतारा बेगम (माता सगी) पत्नी उरमान हुसैन व फैजान हुसैन व मोहसिन व हनीफ खां पुत्रगण बन्ने खां व श्रीमती आमना खातून पत्नी हनीफ खां समस्त निवासीगण ग्राम सायर तह. बीसलपुर जिला पीलीभीत

बाजै हो कि आपके खिलाफ नालिश दफा-116 यू. पी.आर.सी. ग्राम सायर दायर की गयी है अत: आप बतारीख 16 माह 3 सन् 2026 बवक्त 10 बजे दिन असालतन या अन्य कोई शख्स जो वाकिफ हाल मुकदमा हो उक्त तारीख पर अपना जवाबदेही पेश करो यह आपको लाजिम है कि उसी रोज अपने जुमला गवाहों की व निजी दस्तावेज जिसकी शहादत पर आप व ताईद अपनी जवाबदेही इस्तेमाल करना चाहते हो पेश करो, अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो उसकी समात आपकी गैर हाजिरी में आपके मसमूअ फैसला होगा। तारीख 9 माह 3 सन् 2026 को मेरे दस्तखत व मोहर अदालत से जारी किया गया।

### कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता बदायूँ/पीलीभीत वृत्त, लो0नि0वि0, बरेली

पत्रांक 1462/76सी0(ए0)(ई-टेण्डर)-08/2025-26 दिनांक 06.03.2026

निविदा निरस्तीकरण सूचना

इस कार्यालय के अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या-827/76सी0(ए0)(ई-टेण्डर) -08/2025-26 दिनांक 03.02.2026 द्वारा जनपद पीलीभीत में प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, पीलीभीत के कार्यक्षेत्र में माधोपुर चौक फरीदपुर अमखिड़िया डांग रिछा जहानाबाद मार्ग (अ0जि0मा0) के किमी0 5 में सेतु निगम द्वारा मेजर ब्रिज का निर्माण एवं किमी0 6, 7 में बाढ़ से क्षतिग्रस्त भागों के कटान के स्थान पर बैलेसिंग आरसीसी बॉक्स कल्वर्ट, पहुंच मार्ग, अतिरिक्त पहुंच मार्ग एवं सुरक्षात्मक कार्य हेतु निविदायें आमंत्रित की गयी हैं। उक्त आमंत्रित निविदायें अपरिहार्य कारणों से निरस्त की जाती हैं।

UP - 247849 दिनांक: 11/03/2026 विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

(राजेष चौधरी) अधिशासी अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, पीलीभीत
(के0 के0 सिंह) अधीक्षण अभियन्ता बदायूँ-पीलीभीत वृत, लो0नि0वि0, बरेली

### कार्यालय कृषि उत्पादन मण्डी समिति, आंवला (बरेली)

पत्रांक : कृ.उ.म.स./सफाई/2026/55 दिनांक : 11.03.2026

**सफाई निविदा आमंत्रण**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नवीन मण्डी स्थल, आंवला की वित्तीय वर्ष 2026-27 की दैनिक सफाई कार्य हेतु निविदायें Gem Bid Number - GEM/2026/B/7346566 Date 11.03.2026 के माध्यम से दिनांक 26.03.2026 के दोपहर 12:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। इच्दुक व्यक्ति/फर्म/संस्था किसी भी कार्य दिवस में नियम/शर्तो एवं उपरोक्त के सम्बन्ध में पूर्ण जानकारी कार्यालय मण्डी समिति आंवला से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त कर सकते है।

(तरूणा) सचिव
(विदुषी सिंह) उपजिलाधिकारी/सभापति

### पूर्वोत्तर रेलवे

**ई-आक्शन सूचना**

**संख्याः सी/536/पार्किंग/ई-ऑक्शन/नोटिस पब्लिकेशन, दिनांक 11-03-2026**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबन्धक/इज्जतनगर द्वारा आई.आर.ई.पी.एस. (IREPS) पर पंजीकृत संस्थाओं से ई-ऑक्शन के माध्यम से पार्किंग ठेको हेतु बोलिया आमंत्रित की जा रही है। ऑक्शन कैटलॉग को आई.आर.ई.पी.एस. (IREPS) की वेबसाइट *www.ireps.gov.in* पर प्रकाशित किया जा चुका है। इज्जतनगर मंडल की आगामी ई-ऑक्शन का विवरण निम्नवत है:-

**क्र.सं.-01, श्रेणी:** Parking, **कैटलाग सं.:** IZN-PARK-26-03, **एसेट विवरण:** गंजडुण्डवारा, पीलीभीत, भोजीपुरा, सिकंद्राराव और टनकपुर स्टेशनों के पार्किंग ठेको का ई-आक्शन। **ऑक्शन प्रारम्भः** 24-03-2026, 11:30:00, **ऑक्शन समापनः** 24-03-2026, 12:40:00

**क्र.सं.-02, श्रेणी:** Pay & Use, **कैटलाग सं.:** IZN-PNU-26-04, **एसेट विवरण:** इज्जतनगर एवं उझानी स्टेशनों के पे एण्ड यूज ठेकों का ई-ऑक्शन। **ऑक्शन प्रारम्भः** 24-03-2026, 12:00:00, **ऑक्शन समापनः** 24-03-2026, 12:40:00

**नोटः (1)** बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि ई-ऑक्शन से संबंधित अधिक जानकारी के लिये रेलवे की वेबसाइट *www.ireps.gov.in* देखें। **(2)** उक्त ई-ऑक्शन आई.आर.ई.पी.एस. (IREPS) के ई-ऑक्शन लीजिंग मॉड्यूल के माध्यम से आमंत्रित किया गया है। **(3)** ई-ऑक्शन संबंधित समस्त जानकारी जैसे पात्रता, कार्य का दायरा, ठेके की अवधि, नियम एवं शर्ते आदि आई.आर.ई.पी.एस. (IREPS) की वेबसाइट *www.ireps.gov.in* पर उपलब्ध है। **(4)** बोलीदाता उक्त दिये गये दिनांक एवं समय के अनुसार ही ई-ऑक्शन में भाग ले सकते हैं। **(5)** सभी संभावित बोलीदाताओं से अनुरोध है कि उक्त ई-ऑक्शन से संबंधित किसी भी शुद्धिपत्र हेतु नियमित रूप से रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** का अवलोकन करते रहें।

सहायक वाणिज्य प्रबन्धक, इज्जतनगर
मुजाधि/वाणिज्य-278

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।


## विवाहिता का शव फंदे पर मिला पति-ससुर पर हत्या का आरोप

संभल/कुढ़फतेहगढ़, **अमृत विचार** : कुढ़फतेहगढ़ थाना क्षेत्र के गांव भगतपुर पहली में 22 वर्षीय विवाहिता का शव घर के बरामदे में दरवाजे के कुंडे से चुनरी के सहारे लटका मिला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मायके पक्ष ने पति और ससुर पर दहेज के लिए हत्या करने का आरोप लगाया है। गांव भगतपुर पहली निवासी कृष्णपाल ने बताया कि सुबह करीब आठ बजे खाना खाने के बाद वह अपने पिता के साथ पशु बाजार में गाय खरीदने चला गया था। घर पर पत्नी नेहा (22) अकेली थी। उसने बताया कि वापस आने पर पत्नी का शव मिला। यह सब कैसे हो गया, उसे कुछ समझ नहीं आ रहा है। उधर, मृतका के पिता सत्येंद्र सिंह पुत्र भिखारी सिंह निवासी गांव चुल्हारा थाना आंवला ने पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाया कि शादी के बाद से ही पति और ससुर दहेज को लेकर उसकी बेटी को प्रताड़ित करते थे। गुरुवार को उन्होंने उसकी हत्या कर शव को फंदे से लटका दिया। घटना की सूचना पर फोरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर साक्ष्य एकत्र किए। पुलिस क्षेत्राधिकारी दीपक तिवारी ने भी घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जानकारी ली। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।


### बअदालत न्यायालय सिविल जज जू.डि. फरीदपुर, जिला बरेली

**मूलवाद सं. 61 सन् 2025**

वीरेश चन्द्र द्विवेदी पुत्र हरीशंकर द्विवेदी निवासी ग्राम कादरगंज तहसील फरीदपुर जिला बरेली वादी बनाम 1. इच्छा द्विवेदी पुत्री दिनेश कुमार पत्नी वीरेश चन्द्र द्विवेदी 2. गीता त्रिवेदी पत्नी दिनेश कुमार 3. आदित्य कुमार पुत्र दिनेश कुमार निवासी मोहल्ला मढ़ीनाथ निकट संतोषी माता मन्दिर थाना सुभाष नगर जिला बरेली विपक्षीगण चूंकि मुसम्मी वीरेश चन्द्र द्विवेदी ने वास्ते स्थायी निषेधाज्ञा हुसुल सर्टिफिकेट वसूल कब्जे व किफलत आये यातफीन मुसम्मी इच्छा द्विवेदी पुत्री दिनेश कुमार पत्नी वीरेश चन्द्र द्विवेदी व गीता त्रिवेदी पत्नी दिनेश कुमार व आदित्य कुमार पुत्र दिनेश कुमार निवासी मोहल्ला मढ़ीनाथ निकट संतोषी माता मन्दिर थाना सुभाष नगर जिला बरेली मुर्तवर्फा अपने व मुजावी एक्ट 7 सन् 1989 ई. व केद दरगाह मुसम्मी वीरेश चन्द्र द्विवेदी पुत्र हरीशंकर द्विवेदी ने दरखास्त हुकुम सर्टिफिकेट वास्ते स्थायी निषेधाज्ञा और तारीख 28.03.2026 को वास्ते समायत दरखास्त हाजा के मुकर्रर की गयी है। लिहाजा आपको हुक्म दिया जाता है कि यदि आपको कोई आपत्ति हो तो आप तारीख 28.03.2026 को असालतन या मार्फत किसी वकील के जो हालत मुकदमा बखूबी वाकिफ हो मय कागजात मुतलका के हाजिर हो अन्यथा आपकी गैर हाजिरी में मुकदमा फैसला होगा। दरसूरत इनकामे तारीख मुकर्रर कोई उजर निसवत दरखास्त सुना फैसला होगा। दरसूरत इनकामे तारीख मुकर्रर कोई उजर निसवत दरखास्त सुना नहीं जायेगा और मुनासिब हुकुम दरखास्त हाजा सादर होगी। आज तारीख 10.03.2026 मेरे दस्तखत व मोहर से जारी किया गया है।

सिविल जज (जू.डि.) फरीदपुर, बरेली

### कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता बदायूँ/पीलीभीत वृत्त, लो0नि0वि0, बरेली

पत्रांक 1446/76सी0(ए0)(ई-टेण्डर)-08/2025-26 दिनांक 05.03.2026

निविदा निरस्तीकरण सूचना

इस कार्यालय के अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या-563/76सी0(ए0)(ई-टेण्डर) -08/2025-26 दिनांक 22.01.2026 द्वारा जनपद पीलीभीत में प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, पीलीभीत के कार्यक्षेत्र में वित्तीय वर्ष 2025-26 जनपद पीलीभीत में पीलीभीत बस्ती मार्ग के किमी0 6 से लिपुलेक भिण्ड मार्ग के किमी0 372 तक पीलीभीत बाईपास मार्ग का विशेष मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य हेतु निविदायें आमंत्रित की गयी हैं। उक्त आमंत्रित निविदायें अपरिहार्य कारणों से निरस्त की जाती हैं।

UP - 247848 दिनांक: 11/03/2026 विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

(राजेष चौधरी) अधिशासी अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, पीलीभीत
(के0 के0 सिंह) अधीक्षण अभियन्ता बदायूँ-पीलीभीत वृत, लो0नि0वि0, बरेली

### कार्यालय ग्राम पंचायत बलरामपुर ता. समस्तपुर वि.खं. पूरनपुर जिला पीलीभीत

**आवश्यक सूचना**

सर्वसाधारण ग्राम पंचायत बलरामपुर ता. समस्तपुर विकास खंड पूरनपुर जिला पीलीभीत के इच्छुक पात्र लाभार्थियों को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत में पंचायत सहायक/एकाउंटेन्ट कम डाटा इन्ट्री का पद रिक्त चल रहा है जिसके लिए आवेदन दिनांक 14.03.2026 से 20.03.2026 तक ग्राम पंचायत कार्यालय विकास खण्ड कार्यालय व जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय में जमा किये जायेंगे जो भी आवेदन करना चाहता है प्रारूप में भरकर जमा करें।

ग्राम प्रधान अंजलि
सचिव राहुल कन्नौजिया

### कार्यालय प्रक्षेत्र प्रबन्धक, राजकीय कृषि बीज सम्वर्द्धन प्रक्षेत्र जमुनाबाद (गोला), लखीमपुर-खीरी

पत्रांक: 915/प्रक्षेत्र/जेम/निविदा/कम्बाईन/2025-26 दिनांक: 06.03.2026

**बिड सूचना**

राजकीय कृषि बीज सम्बर्द्धन प्रक्षेत्र जमुनाबाद (गोला) लखीमपुर खीरी पर रबी 2025-26 में बोय गये गेहूं 299.20 हेक्टेयर तथा जौ 14.50 हेक्टेयर की कटाई व भूसा निर्माण का कार्य कम्बाईन मशीन मय स्ट्रा रीपर से कराया जाना है। जिसे कराये जाने हेतु जेम पोर्टल पर बिड संख्या GEM/2026/B/7328082 प्रकाशित की गयी है। प्रकाशित बिड के खुलने की दिनांक 17.03.2026 है।

संजीव कुमार सिंह
प्रक्षेत्र प्रबन्धक
राजकीय कृषि बीज सम्वर्द्धन प्रक्षेत्र, जमुनाबाद (गोला), खीरी

### कार्यालय नगर पालिका परिषद बीसलपुर - पीलीभीत

पत्रांक: 737/न.पा.परि.बी./2025-26 दिनांक: 11.03.2026

**ई-निविदा सूचना**

नगर पालिका परिषद बीसलपुर द्वारा राज्य वित्त/पालिका निधि आयोग के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से शुद्ध पेयजल व्यवस्था हेतु इण्डिया मार्का 11 हैण्डपम्पों को रिबोर/अधिष्ठापन कार्य कराये जाने हेतु निविदादाताओं से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार पर नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। कार्य विवरण निम्नवत् है:-

| क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत जी.एस.टी. सहित | बिड सिक्योरिटी 2 प्रतिशत पूर्णांक में | निविदा मूल्य+18 प्रतिशत जी.एस.टी. | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | नगर के विभिन्न वार्डों में 11 नग इण्डिया मार्का 11 हैण्डपम्पों का रिबोर/अधिष्ठापन कार्य। | 950995/- | 19000/- | 1200/- | 1 माह |

1. वेबसाइट पर बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता की तिथि 12.03.2026 को प्रातः 11:00 बजे से।
2. ई-निविदा के माध्यम से निविदा अपलोड के लिए अन्तिम तिथि/समय 30.03.2026 को अपराह्न 05:00 बजे तक।
3. ई-निविदा के माध्यम से निविदा खोलने की तिथि एवं समय 31.01.2026 को प्रातः 10:00 बजे से।
4. निविदा आमन्त्रण को आईटीबी के क्लॉज-9 के अनुसार परिशिष्ट/शुद्धि पत्र जारी करने का अधिकार है जो वह नियमित रूप से ई-निविदा पोर्टल पर निगरानी रखें।
5. निविदा प्रपत्र शुल्क और 2 प्रतिशत धरोहर धनराशि (जी.एस.टी.सहित) पालिका के आई.सी.आई.सी.आई. में खाता सं. 321005500073 IFSC- ICIC0003210 में आर.टी.जी.एस./एन.ई.एफ.टी. द्वारा हस्तान्तरित कर पावती की मूल प्रति स्कैन करके ई-निविदा के साथ अपलोड करना अनिवार्य होगा।
6. शेष 8 प्रतिशत धरोहर धनराशि निविदा स्वीकृत होने के उपरान्त एफ.डी.आर./डिमाण्ड ड्राफ्ट जो अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद बीसलपुर के नाम बंधक होगी हार्ड कॉपी के साथ 3 दिवस के अन्दर प्रस्तुत करना होगा।
7. अधिक जानकारी के लिए कृपया वेबसाइट http//etender.up.nic.in पर लॉगिन करें तथा बिड डाक्यूमेन्ट को अपलोड करें।
7. ठेकेदार को धरोहर धनराशि नगर पालिका परिषद बीसलपुर के उपरोक्त खाते में आर.टी.जी.एस./एन.ई.एफ.टी. के द्वारा अथवा नियमानुसार एफ.डी.आर./एन.एस.सी. द्वारा जमा कर मूल प्रति जमा कर निविदा स्वीकृत होने के उपरान्त तीन दिवस के अन्दर नगर पालिका परिषद बीसलपुर के कार्यालय में हार्डकापी के साथ जमा करनी होगी।

अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, बीसलपुर
अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद, बीसलपुर

### कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता बरेली वृत लो0नि0वि0, बरेली

पत्रांक: 1890/413सी0(ई0टेण्डर)-3/2025-26 दिनांक 07.03.2026

अल्पकालीन ऑन-लाइन निविदा आमंत्रण सूचना(द्वितीय वार)

1- महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, बरेली वृत, लो0नि0वि0, बरेली के द्वारा प्रान्तीय खण्ड लो0नि0वि0, बरेली के कार्यक्षेत्र के अन्तर्गत निम्न तालिका में अंकित विवरण के अनुसार लो0नि0वि0 में पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मो से प्रतिशत दरो पर ई-निविदा दिनांक 14.03..2026 से दिनांक 20.03.2026 की मध्यान्ह 12.00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं। निविदाओं की तकनीकी बिड दिनांक 20.03.2026 को अपरान्ह 12.30 बजे ऑन-लाइन खोला जाना प्रस्तावित किया गया है:-

| क्र0 सं0. | कार्य का नाम | खण्ड का नाम | लगत: सिविल कार्य की लागत (रू0लाख में) | लगत: 05 वर्ष अनुरक्षण की लागत (रू०लाख में) | लगत: कुल अनुमानित लागत (4+5) (रू०लाख में) | धरोहर धनराशि (रू0लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (निविदा शुल्क+ स्टेशनरी+ जी0एस0टी0) (रू0में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | ठेकेदारो की पात्रता श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| | वित्तीय वर्ष 2025-26 में नवनिर्माण योजनान्तर्गत कार्य | | | | | | | | |
| 1 | जनपद बरेली में ग्राम ब्योधा से मोहद्दीनपुर तक मार्ग का नवनिर्माण कार्य। | प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0,बरेली | 100.40 | 5.60 | 106.00 | 7.30 | 2725.00 | 05 माह | ए, बी (मार्ग कार्य) |
| 2 | जनपद बरेली में परसाखेड़ा गौटिया महर्षि कश्यप पार्क से आगे पुलिया से लेकर शमशान घाट तक सड़क निर्माण कार्य व लिंक परसाखेड़ा रेलवे स्टेशन तक सड़क का नवनिर्माण कार्य। | प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0,बरेली | 71.10 | 4.70 | 75.80 | 5.79 | 2725.00 | 04 माह | ए, बी (मार्ग कार्य) |

2-निविदा दस्तावेज एवं निविदा हेतु आमंत्रण के विस्तृत नियम एवं शर्तो हेतु वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर लॉग ऑन किया जा सकता है।

UP - 247877 दिनांक: 11/03/2026 विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

(भगत सिंह) अधिशासी अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड,लो0नि0वि0,बरेली
(प्रकाश चन्द्र) अधीक्षण अभियन्ता बरेली वृत, लो0नि0वि0, बरेली


## अध्यापक को पूड़ी के ठेले पर काम करता मिला बच्चा

**संभल/सौंधन, अमृत विचार**: सरकार की ओर से बालश्रम रोकने के लिए सख्त कानून बनाए गए हैं, लेकिन जिम्मेदार विभागों की अनदेखी के कारण जमीनी स्तर पर इनका असर दिखाई नहीं दे रहा है। सौंधन क्षेत्र में चाट-पकौड़ी के ठेलों और छोटे होटलों पर 10 से 15 वर्ष तक के बच्चे काम करते नजर आ रहे हैं, जिससे वे शिक्षा से दूर होते जा रहे हैं।

गुरुवार को सौंधन उच्च प्राथमिक विद्यालय के इंचार्ज अध्यापक ओमप्रकाश बच्चों को दोबारा पढ़ाई से जोड़ने के लिए घर-घर संपर्क अभियान चला रहे थे। उनकी नजर बाजार में एक पूड़ी के ठेले पर काम कर रहे छात्र पर पड़ी। अध्यापक को देखते ही छात्र घबराकर वहां से भाग गया। अध्यापक ने ठेला मालिक से पूछा कि वह स्कूली बच्चे से काम क्यों करा रहा है। इस पर ठेला मालिक अध्यापक से झगड़ा करने लगा और कहा कि जब बच्चे के माता-पिता उसे स्कूल नहीं भेज रहे हैं तो जबरदस्ती क्यों की जा रही है।


### पूर्वोत्तर रेलवे

**ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना सं० 11/2026**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मंडल रेल प्रबंधक (इजी०) पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से "खुली" निविदा आमंत्रित करते है। **क्र.स.:-** 1., **कार्य का विवरण:-** इज्जतनगर डिवीजन के काशीपुर लालकुआँ, पीलीभीत पश्चिम एवं पीलीभीत पूरब स्टेशनों पर डिवीजनल ट्रैफिक इंस्पेक्टर के लिए कार्यालय का प्रावधान। **अनुमानित लागत रूपयो मेः-** 96,92,068.18, **बयाना राशि रूपयो मेंः-** रू. 1,93,900/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य **शून्य** स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि **06 माह**, **क्र.स.:-** 2., **कार्य का विवरण:-** इज्जतनगर डिवीजन में आर.सी.सी. स्टेजिंग के ऊपर प्लास्टिक टैंक उपलब्ध कराकर बनबसा, मझोला पखरिया, न्यूरिया हुसैनपुर, शाही, सैथल, बाजपुर, एवं सर्करा स्टेशनों पर कॉलोनी में पाइप से पानी की आपूर्ति की व्यवस्था करना। **अनुमानित लागत रूपयो मेः-** रू. 1,99,46,221.22, **बयाना राशि रूपयो मेंः-** रू. 2,49,700/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य. **शून्य** स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि **09 माह**, **क्र.स.:-** 3., **कार्य का विवरण:-** इज्जतनगर डिवीजन के पीलीभीत-मैलानी अनुभाग में गेज रूपांतरण कार्यों के बचे हुए कार्यों के संबंध में यार्ड नालियों के निर्माण, लेवल क्रॉसिंग पर क्वार्टर कार्य, वन क्षेत्र में चेन लिंक बाड लगाने का कार्य, पूरनपुर स्टेशन के पास बाउंड्री वॉल का निर्माण, जलभराव की रोकथाम के लिए एल.एच.एस. की मरम्मत एवं कुछ स्थानों पर सेस रिपेयर का शेष कार्य। **अनुमानित लागत रूपयो मेः-**रू. 10,10,00,031.63, **बयाना राशि रूपयो मेंः-** रु. 6,55,000/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य **शून्य** स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि **12 माह**, **क्र.स.:-** 4., **कार्य का विवरण:-**इज्जतनगर डिवीजन में वमंई/I के अधिकार क्षेत्र में आने वाले एन.एस.जी.-3 से एन.एस.जी.-6 स्टेशनों पर दिव्यांगजनों के लिए सुविधाओं का प्रावधान (स्टेशनों की सूची संलग्न)।, **अनुमानित लागत रूपयो मेः-** रु. 4,43,83,424.93, **बयाना राशि रूपयो मेंः-** रू. 3,71,900/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य, **शून्य** स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि **09 माह**

**1.** ई-निविदा दिनांक 01.04.2026 को 15.00 बजे तक आन लाइन जमा कर सकेंगे।, **2.** ई-निविदा की प्रस्तुति हेतु पूर्ण विवरण भारतीय रेलवे के IREPS वेब साइट **www.ireps.gov.in** पर देखे।

मण्डल रेल प्रबन्धक (इंजी0), इज्जतनगर
मुजाधि/डब्लू-503

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

